जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 17 संख्याः 389 प्रभात हिण्डौन सिटी, बुधवार 3 दिसम्बर, 2025 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.


## अब झारखंड भी कांग्रेस के हाथ से निकलेगा, बिहार के चुनाव के कारण

### झारखंड के मु.मंत्री हेमंत सोरेन तीन दिन से दिल्ली में हैं तथा गृह मंत्री अमित शाह से सम्पर्क में हैं। चर्चा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा अब इंडिया गठबंधन छोड़कर, भाजपा से हाथ मिलाएगा

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 दिसंबर। कांग्रेस के हाथ से एक और राज्य सरकार निकल सकती है।

कांग्रेस झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के साथ गठबंधन सरकार चला रही है, जिसका नेतृत्व हेमंत सोरेन कर रहे हैं।

विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि हेमंत सोरेन पिछले 3 दिनों से दिल्ली में हैं और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संपर्क में हैं, जिसे साझेदार बदलने की उनकी तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

सोरेन की नाराज़गी और दुख की वजह बिहार में उनके प्रति कांग्रेस का व्यवहार है। बिहार में 30 से ज़्यादा सीटों पर आदिवासी वोटों का असर है और जब जेएमएम ने 6 सीटों की मांग की, तो कांग्रेस ने कह दिया कि आरजेडी वरिष्ठ साझेदार है और वही सीटें तय करेगा।

- हेमंत सोरेन की नाराज़गी की शुरुआत हुई, जब उन्होंने कांग्रेस से बिहार की तीस ट्राइबल सीटों में से छः सीटों पर टिकट मांगा। पर, कांग्रेस ने यह कह कर बात टाल दी की आरजेडी बिहार में इंडिया गठबंधन की वरिष्ठ पार्टनर है। अतः आरजेडी ही निर्णय लेगी, सीटों के बंटवारे के बारे में।
- हेमंत सोरेन ने जवाबी तर्क दिया कि कांग्रेस उसकी 35 ट्राइबल सीटों में से 2 सीटें झारखंड मुक्ति मोर्चा को दे दे और फिर वे सभी 36 ट्राइबल सीटों पर जमकर चुनाव प्रचार कर सकेंगे।
- पर, ये दो सीटें भी सोरेन को नहीं मिलीं तो क्रोधित सोरेन ने राहुल गांधी के विशेष चहेते, बिहार के प्रभारी अलुवीरा को बहुत अपशब्द सुनाये और इंडिया गठबंधन छोड़ने का निर्णय लिया।
- 42 सदस्यी विधानसभा में कांग्रेस के 16 विधायक हैं तथा आरजेडी के चार, अतः हेमंत सोरेन का आकलन है कि अगर इंडिया गठबंधन के 20 विधायक चले भी जाते हैं तो भाजपा के 21 विधायक उनके समर्थन में आ जाएंगे और सरकार चलती रहेगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

जयपुर, 2 दिसंबर। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर द्वितीय ने नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त कुलदीप कुमार को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

पीठासीन अधिकारी विकास कुमार खंडेलवाल ने अपने आदेश में कहा कि चिकित्सीय साक्ष्य और पीड़िता के बयानों से साबित है कि अभियुक्त ने उसके साथ संबंध बनाए हैं।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक मातादीन शर्मा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 15 फरवरी 2021 को विश्वकर्मा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि वह एक फैक्ट्री में काम करता है और परिवार सहित उसी परिसर में रहता है। बीती रात से उसकी नाबालिग बेटी घर से लापता है। उसे आसपास तलाश किया, लेकिन कोई पता नहीं चला। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

- पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने फरवरी 2021 के मामले में फैसला सुनाया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एसआईआर के खिलाफ संयुक्त प्रदर्शन से कतराए कुछ विपक्षी दल

### तृणमूल कांग्रेस, जेएमएम और सपा, कांग्रेस के साथ खड़े नज़र आना नहीं चाहते

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 दिसंबर। संयुक्त विपक्ष, जिसने वंदे मातरम् विवाद और एसआईआर पर संसद में चर्चा करवाने के लिए मोदी सरकार पर दबाव बनाने में सफलता पाई थी, में अब दरारें साफ दिखाई दे रही हैं। 'इंडिया' गठबंधन के बनने के बाद पहली बार विपक्ष इस बात पर बंटा हुआ दिख रहा है कि एसआईआर के खिलाफ संयुक्त प्रदर्शन किया जाए या नहीं-और यह दरार अब तक दिखाई पड़ी उनकी संयुक्त राजनीतिक चुनौती को कमज़ोर कर सकती है।

वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, समाजवादी पार्टी (सपा) इस समय कांग्रेस के साथ बहुत नज़दीक दिखने को लेकर बहुत ज़्यादा सावधान है। हाल ही में बिहार चुनाव में महागठबंधन को मिली हार-जिसमें कांग्रेस एक प्रमुख सहयोगी थी-ने सपा को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि कांग्रेस से निकटता कहीं चुनावी जोखिम न बढ़ा दे।

सपा के अंदरूनी लोग मानते हैं कि पार्टी इंडिया गठबंधन के भीतर अपने तालमेल की रणनीति पर दोबारा विचार कर रही है, खासकर उन राज्यों में, जहाँ भाजपा के लिये मुख्य चुनौती है। मुख्य चुनौती सूत्रों ने यह भी कहा कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में सीट बंटवारे को लेकर तनाव बढ़ सकता है, क्योंकि कांग्रेस 403 सीटों वाली विधानसभा में 100 से ज़्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है।

इस तनाव को और बढ़ाते हुए, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी कांग्रेस से नाराज़ बताए जा रहे हैं, क्योंकि हाल की रणनीतिक बैठकों में उनकी पार्टी जेएमएम को किनारे कर

- सपा के आंतरिक सूत्रों ने बताया कि पार्टी कांग्रेस के साथ तालमेल पर दोबारा सोच रही है और इसलिए वह कांग्रेस के ज्यादा निकट नज़र आने से कतरा रही है।
- ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल पहले ही कांग्रेस नेतृत्व वाली सामूहिक रणनीति से दूरी बना चुकी है। अरविंद केजरीवाल पहले ही इंडिया गठबंधन से अलग हो चुके हैं।
- झारखंड मुक्ति मोर्चा भी बिहार के रवैये के कारण कांग्रेस से नाराज़ है।
- देखना यह है कि क्या विपक्ष का गतिरोध एसआईआर व वंदे मातरम मुद्दे पर विपक्ष के सामूहिक विरोध की हवा निकाल देगा?

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एक अन्य कांग्रेस प्रभारी राजस्थान ट्राइबल इलाके का कुण्डा करने में लगे हैं

### मेवाड़ की सात सीटों (उदयपुर, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, बाँसवाड़ा, राजसमंद, सलूंबर व प्रतापगढ़) में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्तियाँ चौंकाने वाली हैं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 दिसंबर। राहुल गांधी लगातार ओबीसी समुदाय की बात करते हैं और कहते हैं कि उनकी जनसंख्या के अनुसार उन्हें पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

लेकिन राहुल को उनके प्रिय "संगठन सृजन अभियान" में पूरी तरह गुमराह किया गया है, और ऐसा लगता है कि उन्हें पता ही नहीं है कि यह सब कैसे, कब और कहाँ हुआ।

मेवाड़-उदयपुर ज़िले में एआईसीसी के प्रभारी रंधावा, सीपी जोशी से सलाह-मशविरा करके काम

- तीन जिलाध्यक्ष (उदयपुर ग्रामीण, डूंगरपुर व बाँसवाड़ा) ही ट्राइबल हैं।
- दो जिलाध्यक्ष (उदयपुर सिटी व चित्तौड़गढ़) राजपूत हैं।
- प्रतापगढ़ में भी दो परस्पर विरोधी राजपूत ग्रुप्स की प्रतिस्पर्धा में नियुक्ति पैंडिंग है।
- राहुल गांधी बार-बार कह रहे हैं, ओबीसी जनता को पूरा प्रतिनिधित्व नहीं मिलता, उनकी जनसंख्या के अनुरूप। अतः राहुल ये सामाजिक संतुलन बिठाने पर बहुत जोर दे रहे है तथा विशेषकर, मेवाड़ में सबसे अधिक जनसंख्या ट्राइबल्स की है तथा दूसरे नम्बर पर हैं ओबीसी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्रधानमंत्री कार्यालय का नया नाम 'सेवा तीर्थ'

नई दिल्ली, 2 दिसंबर। केन्द्र सरकार ने एक अहम् फैसले में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) वाले नए परिसर का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया। सेन्ट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत निर्मित यह परिसर जल्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नया कार्यालय होगा। पहले इस जगह को एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव नाम दिया गया था।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सेवा तीर्थ को एक ऐसा कार्यस्थल बनाया जा रहा है, जहां सेवा भावना ही सर्वोपरि होगी और राष्ट्रीय स्तर की प्राथमिकताएं आकार लेंगी। सेवा, कर्तव्य और पारदर्शिता को शासन का आधार बनाने के प्रयासों के तहत, राज्यों में राज्यपालों के आवास के नाम राजभवन से बदलकर लोकभवन करने

- सभी राज्यों के राजभवन अब लोक भवन कहलायेंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सेना ने इमरान की बहनों को इमरान से मिलने दिया

### इमरान को स्वस्थ व खुश देखकर, सस्पैंस तो खत्म हुआ, पर, सेना अभी असमंजस की स्थिति में है इमरान के बारे में

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 दिसंबर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, जो अगस्त 2023 से जेल में हैं, को आखिरकार एक बड़ी राहत मिली, जब जेल प्रशासन ने आखिरकार उनकी बहनों को उनसे मिलने की अनुमति दे दी। इमरान खान की पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए- इंसाफ (पी.टी.आई.) ने इमरान खान से मिलने की मांग को लेकर देशभर में लगातार जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किए।

जेल अधिकारियों की अनुमति मिलने के बाद उनकी बहनों ने इमरान खान से मुलाकात की और बताया कि पूर्व क्रिकेटर और पूर्व प्रधानमंत्री पूरी तरह ठीक हैं।

इस बीच, पड़ोसी देश भारत में इमरान की सेहत को लेकर चिंता इस प्रकार बढ़ रही थी, मानो कोई बड़ा राजनीतिक संकट पैदा हो गया हो। राजनेता और मीडिया लगातार इमरान की सेहत और उनको होने वाले खतरों के बारे में बेचैनी से लिख रहे थे।

इस मुद्दे को लेकर भारत में सोशल मीडिया का माहौल गर्मा गया था। एक वर्ग इमरान की सुरक्षा को लेकर चिंतित था, जबकि दूसरा कह रहा था कि इमरान एक कट्टरपंथी मुस्लिम हैं और कश्मीर में भारतीय सुरक्षा बलों पर गंभीर हमलों में उनकी भूमिका रही थी।

सोशल मीडिया पर कई लोग यह भी कह रहे हैं कि इमरान के लिए दु:ख जताने के बजाय, भारत को उन बड़े वैश्विक मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए, जो भारत की सुरक्षा और हितों से जुड़े हैं।

फिर भी, इमरान खान भारत में खास रुचि का विषय बने रहते हैं। इसका एक बड़ा कारण उनका शानदार क्रिकेट करियर है, जिसने उन्हें भारत में भी लोकप्रिय बनाया।

लेकिन, अपने क्रिकेट के दिनों से

- इमरान पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, सेना की इच्छा व मदद से। पर, शीघ्र ही मतभेद उत्पन्न हो गए, दोनों के बीच और इमरान को अपना पद छोड़ना पड़ा।
- इमरान के सेना के साथ संबंध कभी नरम, कभी गरम चलते रहे।
- पर, अब सेना, शाहबाज़ शरीफ से भी ज्यादा खुश नहीं है। अतः मिश्रित भावनाओं के बीच इमरान राजनीति के सैन्ट्रल स्टेज पर आ गए हैं, 23 अगस्त से लगातार जेल में कैद होने के कारण।
- क्या सेना कुछ नरम हुई है, इमरान के प्रति। अतः, एक बार और प्र.मंत्री बन सकते हैं, इमरान, अगर मधुर संबंध चलते रहे, सेना व इमरान के बीच। नहीं तो कई नाटक देखने पड़ेंगे, पाकिस्तान के राजनीतिक मंच पर।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## इंडिया गठबंधन की नई रणनीति बनाने के लिये बैठक आज

नयी दिल्ली, 02 दिसम्बर। लोकसभा की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने को लेकर मंगलवार को सर्वदलीय बैठक में सरकार तथा विपक्षी दलों के बीच बनी सहमति के बाद, अब विपक्षी इंडिया गठबंधन ने संसद में अपनी रणनीति पर नये ढ ंग से विचार करने के लिए संसद भवन परिसर में बैठक बुलाई है।

इंडिया गठबंधन के सूत्रों के अनुसार, बैठक बुधवार सुबह 09.45 बजे राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के चेम्बर में होगी, जिसमें गठबंधन के सदन के नेता संसद में सरकार के खिलाफ अपनी रणनीति

- सरकार और विपक्ष में संसद चलाने पर हुई सहमति के बाद खड़गे के चेम्बर में मीटिंग होगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पावर ब्रेकफास्ट के बाद मिले कर्नाटक में परिवर्तन के संकेत

### मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, पार्टी जो भी फैसला लेगी, हम उसे स्वीकार करेंगे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 दिसंबर। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को बेंगलुरु में अपने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार (डीकेएस) से उनके बेंगलुरु-स्थित आवास पर 'पावर ब्रेकफास्ट' के लिए मुलाकात की। यह बैठक अन्य परिस्थितियों में देखी जाती तो सामान्य लग सकती थी।

इस विवाद का केन्द्र एक समझौता है, जो कथित तौर पर कांग्रेस की 2023 की चौंकाने वाली चुनावी जीत के बाद हुआ था, कि सिद्धारमैया और डीकेएस पांच साल का कार्यकाल साझा करेंगे, यानी दोनों में से प्रत्येक मुख्यमंत्री के तौर पर ढाई साल काम करेगा।

ये दोनों कांग्रेस नेता, जो 2023 के चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर आपस में झगड़ रहे थे, नाश्ते पर मिले, जिसमें इडली, देसी चिकन करी और कॉफी (मुख्यमंत्री के लिए कम दूध वाली) के साथ दोनों ने चर्चा की। लेकिन इसका परिणाम अनिश्चित बना हुआ है, खासकर इसलिये कि सिद्धारमैया ने यह बताया कि दोनों ने आगामी कर्नाटक विधानसभा सत्र के बारे में बात की।

लेकिन सम्भवतः इस प्रकार की अपनी पहली स्वीकारोक्ति के रुप में, कि मुख्यमंत्री के रूप में उनका समय समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, सिद्धारमैया ने यह भी संकेत दिया कि जब भी कांग्रेस के शीर्ष नेता उनसे कहेंगे, वे पद छोड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, "पार्टी, विशेष रूप से राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय हम दोनों को स्वीकार होगा।"

सूत्रों ने कहा कि दोनों को दिल्ली बुलाए जाने की संभावना है, जहां वे 8 दिसंबर को उन नेताओं से मिल सकते हैं। योजना के अनुसार, सदन स्थगित हो जाने के बाद दोनों नेता बेलगावी (जहाँ कर्नाटक विधानसभा स्थित है) से दिल्ली रवाना हो जायेंगे। सूत्रों ने समझाया कि यह यात्रा, जिसमें राज्य के कांग्रेस सांसद भी उनके साथ होंगे, एजेंडा के अनुसार, किसानों के मुद्दों और राज्य के जल संसाधनों के प्रबंधन को लेकर होगी। लेकिन बैकचैनल वार्ता भी एजेंडे में होगी।

उससे पहले, सिद्धारमैया, डीकेएस और वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल मंगलुरु में एक कार्यक्रम में एक मंच पर नजर आ सकते हैं, जो दिल्ली बैठक के लिए एक पूर्वाभ्यास हो सकता है।

समझा जाता है कि राहुल गांधी और खड़गे से उनकी रुबरु मुलाकात इस सत्ता-हस्तान्तरण योजना को तय करने में महत्वपूर्ण होगी और तीन वर्षों से चले आ रहे गतिरोध को समाप्त कर, कांग्रेस -शासित इस राज्य में स्थिरता की रक्षा करेगी। हालांकि, जैसा कि अधिकांश पार्टी मामलों में होता है, इस

- यह कह कर एक तरह से सिद्धारमैया ने भी पद छोड़ने के स्पष्ट संकेत दे दिए हैं।
- अब जल्दी ही, संभवतया 8 दिसंबर को दोनों नेताओं के साथ दिल्ली में बैठक होगी, जिसमें भावी दिशा तय होगी।
- सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी और खड़गे सत्ता परिवर्तन का प्लान तैयार करेंगे, पर, जैसी कि परम्परा है, अंतिम फैसला राहुल लेंगे और यह संभवतया डीके शिवकुमार के लिए शुभ संकेत नहीं है, क्योंकि राहुल कार्यकाल के बीच में सत्ता परिवर्तन पर असहमति जता चुके हैं।
- सूत्रों का मत है कि डीके शिवकुमार व सिद्धारमैया दोनों ही बदलाव पर सहमत हैं, पर, तारीख पर सहमत नहीं हैं। जहाँ डीके शिवकुमार जल्द से जल्द बदलाव चाहते हैं, वहीं सिद्धारमैया इसे जितना संभव हो सके, टालना चाहते हैं, संभवतया कार्यकाल खत्म होने तक।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एयरपोर्ट चैक - इन सिस्टम में तकनीकी खराबी आई

नई दिल्ली, 2 दिसंबर। अगर आप आज हवाई यात्रा के लिए रवाना होने वाले हैं तो आपको अपने लिये अतिरिक्त समय लेकर निकलना चाहिए, क्योंकि देश के कई एयरपोर्ट्स पर चेक-इन सिस्टम में तकनीकी दिक्कत आने से उड़ान सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इस वजह से कई एयरलाइंस की उड़ानें देरी से चल रही हैं, जिनमें एअर इंडिया की फ्लाइट्स भी शामिल हैं।

इसे लेकर एअर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि यह समस्या थर्ड-पार्टी सिस्टम में आई खराबी के कारण हुई है,

- देश भर के कई बड़े हवाई अड्डों से चैक-इन में तकनीकी खराबी आने से उड़ाने प्रभावित हुईं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

## विचार बिन्दु

ठोकरें केवल धूल ही उड़ाती हैं, फसलें नहीं उगाती। –टैगोर

# फिल्म नीति पर्यटन के नहीं, कला-संस्कृति के केंद्र में हो!

ओटीटी प्लेटफॉर्म, मल्टीप्लेक्स संस्कृति तथा स्मार्टफोन जैसे मनोरंजन के नये माध्यमों के आ जाने से पारंपरिक सिनेमाघरों में दर्शकों की आमद कम हो गई है। राजस्थानी भाषा की फिल्मों को तो पहले भी सिनेमाघर मिलना दूभर रहा है जिस कारण उनके निर्माताओं की यह शिकायत हमेशा बनी रही कि उनकी फिल्में दर्शकों तक पहुंच ही नहीं पाती क्योंकि उन्हें मुख्य धारा की हिन्दी फिल्मों के मुकाबले महंगे सिनेमाघरों की स्क्रीन नहीं मिल पाती। उनकी लंबे समय से मांग रही है कि राज्य सरकार राजस्थानी फिल्मों के निर्माण और प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए कुछ ठोस कदम उठाये। मगर शासन और राजनेताओं की प्राथमिकताओं में सिनेमा हाशिये पर भी नहीं रहता है। राजस्थानी सिनेमा को बढ़ावा देने का भरोसा देने की रस्म अदायगी तो खूब हुई है जिसके चलते पिछले दशकों में राज्य सरकारों ने अनेक बार फिल्म नीतियां बनाई हैं, किन्तु राजस्थानी सिनेमा को अपनी हैसियत बनाने में उन नीतियों से कभी रत्ती भर भी मदद नहीं मिली है। अब एक बार फिर उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राज्य की नई फिल्म नीति लाने की घोषणा की है जिसे लेकर राजस्थानी भाषा की फिल्मों के निर्माण और व्यवसाय से जुड़े लोगों में हलचल बढ़ गई है। राजस्थान की पहचान उसकी अपनी गहरी सांस्कृतिक विरासत और असाधारण भौगोलिक विविधता के कारण रही है। जयपुर, जोधपुर और बूंदी के स्मारक, उदयपुर की झीलें, जैसलमेर का स्वर्णिम रेगिस्तान, स्थानीय लोगों के परिधान और लोक संगीत दुनिया भर के पर्यटकों को हमेशा ही आकर्षित करते रहे हैं। उन्हें अपने प्रचार के लिए फिल्मों की कोई दरकार नहीं रही है। किन्तु राज्य सरकारें जब भी फिल्म नीति बनाती हैं तो उसे पर्यटन के प्रोत्साहन के औजार के रूप में ही हमेशा प्रस्तुत करती रही हैं। इस बार भी उप-मुख्यमंत्री के बयान से ऐसा ही प्रतीत होता है। राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए फिल्मों के उपयोग को फिल्म नीति कहना केवल सीमित सोच का परिचय देना ही नहीं है, बल्कि वह फिल्म उद्योग के बारे में मूल समझ के अभाव को भी दर्शाता हैं। सत्ता में बैठे लोगों को कौन समझाये कि फिल्मनीति सिर्फ लोकेशन-प्रमोशन का माध्यम नहीं होती हैं; वह एक विचार, एक सृजन और एक संस्कृति का विस्तार होती हैं। राज्य की फिल्म नीति के साथ हमेशा ही यह समस्या रही है कि वह हमेशा टूरिज्म का विस्तार मानकर तैयार की जाती रही है और इस बार भी इससे अलग होने के आसार नज़र नहीं आ रहे हैं। राज्य की फिल्म नीति को कला, संस्कृति, और रचनात्मकता के उद्यम का हिस्सा होना चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि फिल्म नीति में राजस्थान को सिनेमा-उद्योग के केंद्र के रूप में स्थापित करने का खाका तैयार किया जाए, न कि उसे पर्यटन का परिशिष्ट बनाकर छोड़ दिया जाए। फिल्मकारों के लिए अनुकूल वातावरण, स्थानीय प्रतिभाओं के लिए अवसर, रोज़गार एवं आर्थिक गतिविधियों का विस्तार, और संस्कृति एवं कला के संरक्षण और संवर्धन का ढांचा बनाना फिल्म नीति का वास्तविक उद्देश्य होना चाहिए। लेकिन वर्तमान समय में राजस्थान की फिल्म नीति का बड़ा हिस्सा लोकेशन शूटिंग के परमिशन, शुल्क और पर्यटन संबंधी पैकेजों पर केंद्रित रहता है। इसका सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि सरकार फिल्म उद्योग को एक व्यवसाय या क्रिएटिव सेक्टर के रूप में विकसित करने से पूरी तरह चूक जाती है। सचिवालय में बैठे अधिकारियों की सीख पर चलने वाले नीति निर्माताओं ने फिल्मों को सिर्फ पर्यटन बढ़ाने का साधन मान लिया है। पर्यटन को फिल्म नीति का परिणाम तो बनाया जा सकता है, लक्ष्य नहीं। फिल्म नीति में यह विभाजन स्पष्ट करना होगा। फिल्म उद्योग में कला, कौशल, रोजगार, रचनात्मकता शामिल होती है। सिने-पर्यटन उसका सह-उत्पाद हो सकता है।

राजस्थान में फिल्मों की शूटिंग तो खूब हुई, पर स्थानीय फिल्म निर्माण, स्थानीय कलाकारों का विकास, तकनीकी प्रशिक्षण आदि के पहलुओं में प्रगति नहीं हो पाई। इसलिए पर्यटन-केंद्रित सोच से हटकर 'रचनात्मक उद्योग' की दृष्टि से नीति बनाने की पहल करने की जरूरत है। नई फिल्म नीति को पर्यटन विभाग की फाइलों से निकाल कर कला और संस्कृति के तहत लाने की आवश्यकता है क्योंकि फिल्में कला का विस्तार हैं, लोकेशन-गाइड नहीं। लंबे समय से राजस्थान में फिल्म सिटी बनाने की बातें भी होती रही हैं। किन्तु अब यह भी बेमानी हो चुका है। डिजिटल तकनीक के विकास से अब फिल्म सिटी का कॉन्सेप्ट ही समाप्त हो चला है। राजस्थान की शूटिंग लोकेशन भी अब वीएफएक्स के ज़माने में अर्थहीन हो गई है। वास्तव में फिल्म सिटी के नाम पर फिल्म कारोबार से इतर के निजी निवेशक लालायित रहते हैं, जिनकी दिलचस्पी सिनेमा के बजाय रियल एस्टेट अर्थात रियायती दरों पर भूमि पाने और कर रियायतों में ही होती हैं जिसमें उन्हें सीधा मुनाफा दिखता है। इससे वास्तविक फ़िल्मकारों की मदद नहीं होती। राजस्थानी भाषा का साहित्य और यहां की लोक-कथाओं का समृद्ध भंडार किसी भी राज्य से कम नहीं है। बस जरूरतइस बात की है कि राजस्थानी फिल्में बनाने वालों को उस तरफ प्रेरित किया जाए तथा शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री और इंडिपेंडेंट सिनेमा के लिए स्पेस तैयार किया जाए। राज्य में स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों और विद्यार्थियों के लिए सिने प्रशिक्षण का कोई कार्यक्रम नहीं है। फिल्म सिटी की बजाय राज्य सरकार को फिल्म इंस्टिट्यूट जैसा कोई अकादमिक संस्थान बनाने का सोचना चाहिए जहां फिल्म, अभिनय, सिनेमैटोग्राफी, पटकथा लेखन, मेकअप, और एडिटिंग की स्किल डेवलपमेंटका प्रशिक्षण की व्यवस्था हो। उसकी पुणे तथा कोलकाता के फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थानों के साथ शैक्षणिक साझेदारी बनाई जा सकती है। अन्य राज्यों की तरह राजस्थान फिल्म विकास निगम भी बनाया जा सकता है, जिसमें सिने कला के असल जानकार लोगों को जोड़कर बेहतर काम किया जा सकता हैं। राजस्थान में कला और संस्कृति का भंडार है। यहां के लोक कलाकार, कथाकार, तथा शिल्पकार विश्व प्रसिद्ध हैं। लेकिन इनको सिनेमा से जोड़ने का सुव्यवस्थित ढांचा नहीं है। फिल्म विकास निगम यह काम कर सकता है। राजस्थान को महाराष्ट्र या बंगाल की तरह अपना क्षेत्रीय फिल्म उद्योग खड़ा करने के लिए राज्य सरकार फिल्म फेस्टिवलों को बढ़ावा देने की पहल भी कर सकती है। जयपुर से बाहर भी राज्य के बड़े शहरों में राजस्थानी भाषा की फिल्मों के फेस्टिवल मनाए जाने के लिए सरकार सक्रिय भागीदारी निभा सकती है। फिल्म फेस्टिवल, मार्केट और क्रिएटिव इकोनॉमी का विस्तार करने के लिए राजस्थान को साल भर चलने वाले फिल्म इवेंट कैलेंडर की जरूरत हैजो फिल्म नीति का एक अहम भाग हो सकता है। राजस्थान को सिनेमा के विश्व-नक्शे पर स्थापित करने की कल्पना भले ही अभी दूर की कौडी लगे किन्तु कल्पना की यह उड़ान नई फिल्म नीति का मूल मंत्र होनी चाहिए। राजस्थान की रेत, संगीत, लोक-कथाएं और संस्कृति पहले से ही अमर हैं-अब जरूरत है कि फिल्म नीति उन्हें आधुनिक सिनेमा की दृष्टि से भी उतनी ही मजबूती से स्थापित करे। राजस्थान को लोकेशन नहीं, एक क्रिएटिव सिनेमा सेंटर के रूप में विकसित करने का प्रयास होना चाहिए। राज्य सरकार यदि सही दृष्टि के साथ, पर्यटन से अलग हटकर कला और रचनात्मक उद्योग के विकास पर आधारित फिल्म नीति बनाए, तो राजस्थान न केवल भारत का बल्कि दुनिया का प्रमुख फिल्म हब बन सकता है।

> **पर्यटन के लिए तो राजस्थान खुद ही अपना ब्रांड है। अब जरूरत है कि फिल्म नीति उसे आधुनिक सिनेमा की दृष्टि से भी उतनी ही मजबूती से स्थापित करे। इसलिए राजस्थान को अपनी भाषा की फिल्मों की जरूरत है जिनमें यहां की कला और संस्कृति दर्ज हो सके तथा युवाओं को रोजगार और कौशल देने वाली क्रिएटिव इकोनॉमी विकसित हो सके।**

राजस्थानी फिल्मों को स्थायी और विश्वसनीय प्रदर्शन स्थलों की उपलब्धता सुनिश्चित करना फिल्म नीति की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि दर्शकों को राजस्थानी फिल्मों तक सरल पहुंच मिल सके। यह स्पष्ट है कि राजस्थानी फिल्म निर्माण में कोई बड़ा निवेश नहीं आता है। मुख्य धारा के फिल्म प्रदर्शन स्थल राजस्थानी फिल्मों के निर्माताओं के बूते के बाहर हैं। इसके लिए यदि फिल्म नीति कोई सकारात्मक ठोस कदम की व्यवस्था करे तो वह राजस्थानी फिल्म निर्माण को बहुत बड़ा संबल होगा। इसके लिए बड़े शहरों में सार्वजनिक सभा भवनों, जिला मुख्यालयों पर सूचना केंद्रों के सभागृहों, कला मंडलों, टाउन हॉलों, तथा नगर निगम/नगर पालिका के सामुदायिक केंद्रों में फिल्म प्रोजेक्शन के इंतजाम करके तथा थोड़ी सुविधाएं बढ़ा कर वहां आम दर्शकों के वहन योग्य टिकट दर पर राजस्थानी भाषा में निर्मित फिल्मों के नियमित प्रदर्शन की व्यवस्था की जा सकती है। टिकटिंग व्यवस्था ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से हो सकती है। टिकट बिक्री से प्राप्त संपूर्ण आय सीधे फिल्म निर्माता अथवा निर्माण करने वाली संस्था को हस्तांतरित की जा सकती है। फिल्म प्रदर्शन की समय-सारिणी का निर्धारण करने के लिए एक फिल्म स्क्रीनिंग कमेटी बनाई जा सकती है। यह पहल क्षेत्रीय सिनेमा उद्योग के पुनर्जीवन की दिशा में एक मौलिक और व्यवहारिक कदम होगी। सरकारी सभागृहों का उपयोग बढ़ने से उनकी सांस्कृतिक उपयोगिता भी बढ़ेगी तथा राजस्थानी फिल्मों को निश्चित और स्थायी प्रदर्शन के लिए मंच मिलेगा। छोटे निर्माताओं को भी सीधी आर्थिक आय प्राप्त होगी, जिससे उद्योग में निवेश बढ़ेगा। युवा कलाकारों, तकनीशियनों और निर्देशकों को स्थायी अवसर मिलेंगे। जब फिल्मों को कला के रूप में देखा जाएगा, तभी यह उद्योग विकसित हो सकता है। राजस्थानी फिल्मों में पारंपरिक संगीत, वाद्य और नृत्य को फिल्मों में शामिल करने को प्रोत्साहन देने की फिल्म नीति में व्यवस्था होनी चाहिए। पर्यटन के लिए तो राजस्थान खुद ही अपना ब्रांड है। अब जरूरत है कि फिल्म नीति उसे आधुनिक सिनेमा की दृष्टि से भी उतनी ही मजबूती से स्थापित करे। इसलिए राजस्थान को अपनी भाषा की फिल्मों की जरूरत है जिनमें यहां की कला और संस्कृति दर्ज हो सके तथा युवाओं को रोजगार और कौशल देने वाली क्रिएटिव इकोनॉमी विकसित हो सके।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# न्याय एवं अधिकार की संकल्पना में अधिवक्ता महत्वपूर्ण कड़ी

## डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती व अधिवक्ता दिवस विशेष.........



मनोज कुमार

- **आजादी के आंदोलन में अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण स्थान, अनेक स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी के फंदे से बचाया**
- **वर्तमान में उपभोक्ता संरक्षण क़ानून से पीड़ित उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय दिला रहे हैं**

देश के संविधान की रोशनी में न्यायप्रिय शासन व्यवस्था की चाहत रखने वाले हरेक भारतीय के लिए और विशेष रूप से अधिवक्ताओं के लिए दो दिसम्बर अपने संवैधानिक दायित्व एवं अधिकारों पर मनन करने का दिवस है। देश के प्रथम राष्ट्रपति और प्रख्यात एडवोकेट डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिवस के मौके पर देशभर में अधिवक्ता दिवस मनाया जाता है।

3 दिसंबर 1884 को जन्में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने चंपारण सत्याग्रह, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ों आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और कई बार जेल गए। बहुत कम लोगों को मालूम है कि लाल बहादुर शास्त्री के 'जय जवान-जय किसान' के नारे से एवं डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन की हरित क्रांति से बहुत पहले डॉ. राजेन्द्र प्रसाद देश की अंतरिम सरकार में खाद्य एवं कृषि मंत्री रहते हुए 'अधिक अन्न उगाओ' का नारा दे चुके थे।

कई बार यह सवाल पूछा जाता है कि इस देश में अधिवक्ताओं का इतना सम्मान क्यों है? इसका बड़ा ही सरल सा जवाब है कि भारत की स्वतंत्रता में अधिवक्ताओं का विशेष योगदान रहा है। जितने भी प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी हुए, उनमें से अधिकांश अधिवक्ता ही थे। ये वही अधिवक्ता थे, जिन्होंने असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों की निरूशुल्क पैरवी कर उन्हें तत्कालीन अंग्रेज सरकार के क्रूर फांसी के फंदे से भी बचाया।

अब क्योंकि अंग्रेज सरकार का शासन तो समाप्त हो गया है, लेकिन फिर भी शोषण की प्रवृत्ति अभी भी अवचेतन मन में बची हुई है। इसी कड़ी में उपभोक्ताओं के साथ अनुचित व्यापार-कार्य व्यवहार के फंदे से बचाने में अधिवक्तागण आज भी अपना अहम योगदान दे रहे हैं। यही वजह है कि देश-प्रदेश में उपभोक्ता जागरूकता लगातार बढ़ रही है। अकेले झुंझुनूं जिले में गत 2 वर्ष में ढ़ाई हजार से अधिक प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय उपलब्ध करवाना तभी सम्भव हो पाया है, जब अधिवक्ताओं ने सकारात्मक रूप से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की खूबसूरती को धरातल पर लागू करने में आगे बढ़ कर सहयोग किया है।


दरअसल उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम अपने आप में ऐसा संपूर्ण अधिनियम है जिसके दायरे में हर वो व्यक्ति शामिल है, जिसने वस्तु या सेवा क्रय पर रसीद ली है। इस कानूनी अधिकार के असली नायक/सेनापति का दायित्व अधिवक्ता ही निभाते है,तभी उपभोक्ताओं को न्याय मिल पाना सम्भव हुआ है। साथ ही अधिवक्तागण समय-समय पर उपभोक्ता हितों की पैरवी कर सही मायने में मजबूत लोकतंत्र का अहसास भी करवाते हैं।

वर्तमान समय की कसौटी में मजलूमों, पीड़ित-शोषित को न्याय दिलाने में अधिवक्ता को न्याय व्यवस्था का मेरुदण्ड कहा जाये तो कोई अतिश्योक्ति नहीं है। यों कहा जा सकता है कि सम्पूर्ण न्याय तभी सम्भव है, जब अधिवक्ता की मौजूदगी है। देश की जंग-ए-आजादी में आगे बढ़ कर कुर्बानी देने का गौरवशाली इतिहास अधिवक्ता समुदाय का रहा है। वहीं अनेक स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी के फंदों से बचाने में निस्वार्थ रूप से अहम भूमिका भी अधिवक्ताओं ने बखूबी निभाई है और भारतीय संविधान को बनाने में अधिवक्ताओं का अतुलनीय विशेष योगदान रहा है। हमारे देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था की मजबूती व खूबसूरती को उच्चतम मुकाम पर रखने में अधिवक्ता समुदाय का अकल्पनीय कार्य व्यवहार आज भी अंतिम पंक्ति में खडे भारतीय के दिलोदिमाग़ में संविधान व न्याय के प्रति अटूट विश्वास जगाता रहता है। संविधान की पवित्रता से सराबोर विधि एवं न्याय में विश्वास रखने वाले विद्वान अधिवक्ताओं व आमजन को अधिवक्ता दिवस की असीम शुभकामनाएं।

प्यारे मुल्क भारत के प्रथम राष्ट्रपति महान कानूनविज्ञ स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को कोटि-कोटि नमन। वन्दन।।

**मनोज कुमार, अध्यक्ष,**
**उपभोक्ता आयोग, झुंझुनूं**

# मारवाड़ का ही नहीं, राजस्थान का भी गौरव बढ़ाया था फिल्म अभिनेता 'सज्जन' ने



मिश्रीलाल पंवार



जोधपुर की धरा जहां वीरों की भूमि रही है वहीं राजस्थान की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में भी पहचानी जाती है। यहां ऐसे अनेक कलाकार भी हुए, जिन्होंने अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन कर मारवाड़ का ही नहीं, राजस्थान का गौरव बढ़ाया। ऐसे ही कलाकारों में 'सज्जन' एक उच्च कोटि के अभिनेता हुए हैं। सज्जन ने हिन्दी फिल्मों में अपनी प्रतिभा के बलबूते अलग ही पहचान बनाई। उन्होंने अधिकतम फिल्मों में चरित्र अभिनेता की भूमिका निभाई। कईं बार अपने अभिनय से इतना प्रभाव छोड़ते कि फिल्म के दूसरे कलाकार उनके सामने बौने नजर आते। उन्होंने उस जमाने के सभी निर्माता निर्देशकों के साथ काम किया।

इनका पूरा नाम सज्जन लाल पुरोहित था। सज्जन का जन्म 15 जनवरी 1921 को जोधपुर में पुष्करणा ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इन्होने जोधपुर के जसवंत कॉलेज से ग्रेजुएशन किया था। इनके घरवाले इन्हें वकील बनाना चाहते थे। इसलिए वकालत करने के लिए इन्हें कलकत्ता भेज दिया। कलकत्ता उन दिनों फ़िल्म निर्माण का भी बड़ा केंद्र था। अभिनय का इन्हें बचपन से शौक था। इसलिए वकालत की पढ़ाई करते ये कलकत्ता में फ़िल्मों की तरफ़ आकर्षित हो गए। सज्जन ने फ़िल्मों में काम करना शुरू कर दिया। पहले एक्स्ट्रा कलाकार के तौर पर काम किया । बाद में छोटे-छोटे डायलॉग्स वाले किरदार भी मिलने लगे। वे अभिनेता, नाटककार, कवि और बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार थे। जो एक बार उनसे मिलता, उनकी कलाकारी का कायल हो जाता।

कुछ समय बाद वे कलकत्ता छोड़कर बंबई आ गए। बंबई में इनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर किदार शर्मा ने सज्जन को अपना असिस्टेंट बना लिया। उस वक्त राज कपूर भी किदार शर्मा के असिस्टेंट हुआ करते थे। सज्जन को लेखन का भी शौक था। बंबई में सज्जन ने कुछ फ़िल्मों के लिए संवाद लेखन का काम भी किया था। कुछ समय किदार शर्मा के साथ काम करने वाले के बाद सज्जन गजानन जागीरदार के असिस्टेंट बने। कहते हैं उन्हें 35 रुपए महीना की तनख्वाह मिलती थी। वो नौकरी इन्होंने काफ़ी वक्त तक की थी। सज्जन ने 150 से अधिक फिल्मों और टीवी शो में काम किया। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1941 में मासूम फिल्म से एक अतिरिक्त कलाकार के रूप में की थी और 1948 में धन्यवाद से मुख्य अभिनेता के रूप में अभिनय किया था। रामानंद सागर की फिल्म आंखें में उनके साथ काम किया था। इस फिल्म के बाद से ही सज्जन की अदाकारी रामानंद सागर के जेहन में बस गई थी। जब रामानंद सागर के मन में की वीं सीरियल विक्रम और बेताल बनाने का ख्याल आया, तब उन्होंने बेताल के किरदार के लिए सज्जन को चुना। सज्जन ने भी देर न करते हुए सीधे हां कह दिया।

सीरियल में विक्रम की भूमिका अरुण गोविल ने निभाई थी, जो आगे चलकर टीवी के श्रीराम बने। वहीं, सज्जन ने बेताल बन दर्शकों के बीच अलग ही छाप छोड़ी। यह भारत का पहला ऐसा शो था, जिसमें टीवी पर स्पेशल इफेक्ट्स दिखाए गए थे। डरावनी शक्ल और बड़ी आंखें और लंबे सफेद बालों वाले बेताल का लुक उस जमाने में लोगों के बीच रोमांच पैदा कर रहा था। बेताल द्वारा बोला गया डायलॉग तू बोला, तो मैं चला जा रहा हूं। मैं तो चला। आज भी लोगों के जेहन में बसा हुआ है।

1985 में प्रसारित होने वाला टीवी शो विक्रम और बेताल पूरे देश का ध्यान खींचने में सफल रहा था। टीवी शो विक्रम और बेताल के साथ एक अन्य शो लेना-देना में काम किया। सज्जन ने अपने करियर की शुरुआत मासूम (1941), चौरंगी (1942) जैसी फिल्मों में बतौर एक्स्ट्रा कलाकार की थी। उन्होंने मीना (1944) के संवाद और दूर चलें (1946) और धन्यवाद (1948) के गीत भी लिखे।

1950-60 के दशक में इस बहुमुखी अभिनेता ने सैयां, रेल का डिब्बा, बहना, शीशा, मालकिन, निर्मोही, कस्तूरी, मेहमान, लगन, गर्ल स्कूल, परिधान, दो दूल्हे, घर-घर में दिवाली, हा-हा-ही-ही-हू-हू, पूनम झांझर, हल्ला- गुल्ला जैसी कई फिल्मों में अभिनय किया।

60 के दशक में इस बहुमुखी अभिनेता ने सैयां, रेल का डिब्बा, बहना, शीशा, मालकिन, निर्मोही, कस्तूरी, मेहमान, लगन, गर्ल स्कूल, परिधान, दो दूल्हे, घर-घर में दिवाली, हा-हा-ही-ही-हू-हू, पूनम झांझर, हल्ला- गुल्ला जैसी कई फिल्मों में अभिनय किया। 1967 में प्रदर्शित हुई हिंदी फिल्म फ़र्ज़ ने उस जमाने में सूपर डूपर रही थी । फ़र्ज़ फ़िल्म में अभिनेता सज्जन ने विलेन का किरदार निभाया था। फिल्म की नायिका बबीता थी। सज्जन ने उनके पिता दामोदर बने। फिल्म की कहानी के अनुसार, दामोदर को एक राष्ट्रद्रोही एक खलनायक के रूप में दिखायागया था। दामोदर भारत को नष्ट करने की साजिश रचने वाले विदेशी एजेंटों के साथ मिला होता है। इस फिल्म में सज्जन ने अपने अभिनय से लोगों का दिल जीत लिया।

फ़िल्मों में तो ये कोई 50 साल तक सक्रिय थे। मगर टीवी पर इन्होंने एक बार ही काम किया था। और उस एक बार में ही इन्हें लोकप्रिय के शीघ्र तक पहुंचा दिया। टीवी जगत में भी इनका नाम अमर हो गया। फ़िल्मी दुनिया में वे सिर्फ़ सज्जन के नाम से जाने जाते थे। सन 2000 में 17 मई के दिन करीब 79 साल की उम्र में सज्जन का निधन हो गया। उस दिन हर फिल्म दर्शक की आंख नम थी। पूरा जोधपुर शोक में डूबा रहा।

**- मिश्रीलाल पंवार,**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )।**

# गौतस्कों से गौवंश को बचाने के लिए झारेडा गांव में गौशाला खोली

- **एक करोड़ रुपये की बेशकीमती जमीन गौमाता के नाम कर गौसेवा में जुटा है पूरा परिवार**

**अलवर,** (निसं)। कहते हैं गौ सेवा से सनातन में बड़ी सेवा नहीं और गौवंश की रक्षा के लिए अनेकों गौशालाएं एवं उन्हें गौतस्करों से बचाने के लिए अनेकों गौ रक्षक दल बने हुए हैं, जो अपनी जान पर खेलकर गोवंश की रक्षा करते हैं। इसी कड़ी में उद्योग नगर में एक नवयुवक ने अपनी करीब एक करोड़ की जमीन को गौ माता के नाम करते हुए एक गौशाला खोल दी, जिस पर वहां के नागरिकों ने युवक का आभार जताया। वहीं उद्योगपतियों व आम नागरिकों ने गौमाता के भरण पोषण का जिम्मा उठाया है। लेकिन इस पुनीत काम को लेकर कुछ लोग जो गौतस्करों के करीबी उन्हें यह गौशाला रास नहीं आ रही और वे उसे अवैध बताते हुए हटवाने की फिराक में है।

अलवर उद्योग नगर एमआईए मेवात क्षेत्र से सटा हुआ है और यहां से गौतस्करी जोरों से होती है, क्योंकि यहां ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण लोग अपनी गायों को चारा आदि के अभाव में लावारिस भटकने के लिए छोड़ देते हैं। इन घूमते गौवंशों पर तस्करों की निगाह होती है और वे उन गौवंशों को चोरी कर बूचड़खाने पहुंचा देते हैं। इन सभी को देखते हुए क्षेत्र के लोगों ने एक बैठक कर यहां एक गौशाला बनाने की सोची। इसी विचार को जान कर क्षेत्र के युवा देसूला गांव के बीरू कुमार जो कि पेशे से पत्रकार भी हैं उन्होंने गौमाता की सेवा का बीड़ा उठाते हुए झारेडा में अपनी बेशकीमती जमीन गौमाता के नाम करते हुए यहां श्री श्याम गौशाला सेवा समिति खोल दी। बीरू कुमार की इस पहल का ग्रामीणों ने स्वागत किया और उसे हर प्रकार की सहायता मुहैया कराने का फैसला लिया। यह गौशाला पिछले करीब दो साल से लगातार काम कर रही है यहां करीब दर्जन भर से ज्यादा गाय है, जिनके भरण-पोषण की जिम्मेदारी गौभक्तों द्वारा उठाई जा रही है। इधर लावारिस गौवंश का यहा घूमना बन्द हो जाने से गौ तस्करी से जुड़े कुछ लोगों का खर्चा पानी बंद हो गया तो उन्होंने इस गौशाला को बंद करवाने के लिए गौशाला को अवैध बताते हुए अनेकों जगह इसकी शिकायत कर डाली। इन सभी बातों की जब यहां के सरपंच मंगल सिंह सहित क्षेत्र के मौजिज लोगों को पता चली तो उन्होंने जिला प्रशासन को लिख कर दे दिया कि यह गौशाला क्षेत्र में अच्छा काम कर रही है। यहां किसी प्रकार की लूट-खसोट नहीं है। इस गौशाला पर लोग अपनी मर्जी से चंदा या गायों का खाना देते हैं इस गौशाला का विरोध करने वाले खुद ही भ्रष्ट और गौतस्करों से मिले हुए हैं। गौशाला के समर्थन में सरपंच मंगल सिंह सहित भाजपा नेता जगदीश अटल, रूप सिंह केरवा, राजेन्द्र चौधरी डूमेडा, नरेन्द्र चौधरी, श्याम बिहारी चौधरी, विक्रम चौधरी, अजय प्रजापत, रतीराम झारेडा, हरि सिंह चौधरी, महेश चौधरी जातपुर सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 3 दिसम्बर, 2025**

मार्गशीर्ष मास, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2082, भरणी नक्षत्र सायं 6:00 तक, परिघ योग सायं 4:57 तक, तैतिल करण सायं 7:26 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 11:14 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मेष, मंगल-वृश्चिक, बुध-तुला, गुरू-कर्क, शुक्र-वृश्चिक, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

सर्वार्थ सिद्धि योग सायं 6:00 से सूर्योदय तक है। रवियोग सायं 6:00 तक है। आज भरणी कृत्तिक दीपम (द. भारत में)। आज कृषि शिक्षा दिवस है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:40 तक, शुभ 10:58 से 12:16 तक, चर 2:53 से 4:11 तक, लाभ 4:11 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:04, सूर्यास्त 5:29 तक

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त कार्य करना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। आज मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन प्राप्ति में विलम्ब हो सकता है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

**तुला**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं, उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**वृश्चिक**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आज अनावश्यक धन खर्च हो सकता है।

**मकर**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक एवं महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य योजना बन सकती है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

## सार-समाचार

### 32 घरेलू गैस सिलेंडर और इलेक्ट्रॉनिक कांटा किए जब्त

**रूपवास( निसं )।** शहर के हनुमान तिराहे के सामने रेलवे की बाउंड्रीवाल के सहारे बनी तीन दुकानों पर रसद विभाग भरतपुर की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 32 घरेलू गैस सिलेंडर और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा जब्त किया। यह कार्रवाई जिला रसद अधिकारी पवन कुमारके निर्देशन में की गई। प्रवर्तन अधिकारी प्रदीप शर्माने बताया कि दुकानदारों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों को अवैध रूप से जमा कर ऊंचे दामों पर बेचने की शिकायत मिल रही थी। इस परईओ प्रदीप शर्मा, ईआई गुरुप्रीत सिंह सरदार,पुष्पेंद्र कुमारत था ए एस आई प्रवीन कुमार शर्माकी टीम ने एक साथ तीनों दुकानों पर छापेमारी की। छापे के दौरान सिंघल इंटरप्राइजेज से 12 घरेलू गैस सिलेंडर और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा। सतीश किराना स्टोरसे 19 सिलेंडर। अशोक इलेक्ट्रिकल्स से 1 सिलेंडर। छापे के दौरान सिंघल इंटरप्राइजेज का मालिक मुकेश कुमार पुत्र गोपीचंद सिंघल टीम को देखकर दुकान छोड़कर फरार हो गया, जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। जब्त सिलेंडरों में 22 भरे, 9 खाली और1 आंशिक रूप से भरा सिलेंडर शामिल हैं। सभी 32 सिलेंडर और इलेक्ट्रॉनिक कांटा को जब्त कर रूपवास इंडेन गैस एजेंसी के संचालक के सुपुर्द किया गया। रसद विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और अवैध गैस कारोबारियों में दहशत का माहौल है।

### चार दिन से लापता व्यक्ति का जंगल मे मिला शव

**करौली( निंसं. )।** करौली के भीकमपुरा गांव में चार दिन से लापता बुजुर्ग रामचरण शर्मा (65) का शव मंगलवार को छेड़ का नाला जंगल क्षेत्र में झाड़ियों के बीच संदिग्ध अवस्था में मिला। रामचरण एक शादी की रस्म के लिए लकड़ी लेने जंगल गए थे, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा था। परिजन और ठाामीण चार दिनों से लगातार उनकी तलाश में जुटे थे। पुलिस, ग्रामीण स्वयंसेवकों और वन विभाग की टीम ने ड्रोन कैमरे की मदद से बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन सफलता मंगलवार को मिली, जब स्थानीय लोगों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सदर थानाधिकारी वीर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और क्षेत्र की घेराबंदी की। इसी दौरान सीओ सिटी करौली अनुज शुभम और सिविल डिफेंस टीम भी मौके पर पहुंची और रेस्क्यू में सहयोग किया।सिविल डिफेंस इंचार्ज प्रदीप कुमार के निर्देशन में मास्टर ट्रेनर जयदेव, योगेश चौधरी, खड़क सिंह, फरमान, अखलाक, पुष्पेंद्र, तरुण सहित टीम के सदस्यों ने कठिन परिस्थितियों में फंसे शव को सुरक्षित बाहर निकाला। करौली पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह माना जा रहा है कि रामचरण लकड़ी काटते समय पेड़ के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गए होंगे। घटनास्थल से एक कुल्हाड़ी और टूटा हुआ विद्युत तार बरामद हुआ है, जो करंट से मौत की संभावना को मजबूत करता है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए करौली अस्पताल भेजा जहा तीन सदस्सीय मेडीकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार जनो के सुपुर्द कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

### प्रदूशन नियंत्रण दिवस पर कॉलेज में किया पौधारोपण

**गंगापुर सिटी( निसं ) ।** राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय कॉलेज परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रिंसिपल डॉ. बीएल मैनावत ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डॉ. मैनावत ने युवाओं से प्रकृति को संरक्षित रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य सुरेश चंद मीना ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण की चेतना प्राचीन काल से ही निहित है। संकाय सदस्य धर्मराज गीना ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण दिवस भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को स्मरण करने और प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। प्रो. कैलाश बैरवा ने प्रदूषण की रोकथाम और प्रकृति के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महेंद्र कुमार मीना, कल्लन सिंह मीना, उर्मिला मीना, डॉ. पिकी मीना, पूजा मीना, डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा, रामावतार मीना, महफूज खान, सहायक कर्मी लोकेश माली सहित कॉलेज के कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पंचकुण्डीय महायज्ञ के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**भरतपुर ( निस )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में तिलक नगर स्थित श्री राधा कृष्ण मन्दिर के समीप चल रही श्रीमद् भागवत कथा का पंचकुण्डीय यज्ञ के साथ समापन हो गया। वेदमूर्ति तपोनिष्ठ परम पूज्य गुरूदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के चरणानुरागी भगवान दास श्रीराम भक्त ने श्रीमद् भागवत पुराण कथा का 07 दिन तक वाचन किया। पंच कुण्डीय सर्वदेव महायज्ञ के पूर्णाहूति के साथ श्रीमद्भागवत पुराण कथा का समापन किया गया। समापन के अवसर पर संस्कार दीक्षा भी प्रदान की गई। भगवान दास श्रीराम भक्त ने महायज्ञ करने के बाद विश्व शान्ति, जनकल्याण एवं आपसी सहयोग की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। कथा का आयोजन कमला देवी-देवी चन्द के कर कमलों से किया गया। कथा के अन्त में सभी भक्तों को प्रसादी वितरण किया गया। और श्रीराम भक्त ने सभी भक्तों को धन्यावाद प्रेषित किया। इस अवसर पर सैंकडों महिला-पुरूष उपस्थित रहे।

### पायल कुमारी ने आरबीएम अस्पताल को स्टील बेंच समर्पित की

**भरतपुर ( निस )।** जगन्नाथ पहाड़िया मेडिकल कॉलेज आरबीएम अस्पताल को नर्सिंग अधिकारी पायल कुमारी ने 50 हजार कीमत की पांच विजीटर स्टील बेंच दान देकर अनुकरणीय कार्य किया है। इससे मरीजों एवं उनके साथ आने वाले परिजनों को सुविधा प्राप्त होगी। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि आरबीएम अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग अधिकारी पायल कुमारी से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। आरबीएम हॉस्पिटल के नर्सिंग अधीक्षक अशोक काका ने अध्यक्षता की। लैब टेक्नीशियन संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा, कृषि पर्यवेक्षक संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशन गुप्ता, कर्मचारी संयुक्त महासंघ के संरक्षक एवं पेंशनर संघ कृषि के जिला अध्यक्ष पूरन सिंह फौजदार अबार एवं महासंघ के पूर्व जिला अध्यक्ष केदारनाथ शर्मा, कर्मचारी संयुक्त महासंघ के मीडिया प्रभारी प्रेम मंगल व संरक्षक हेमराज सिंह सिनसिनवार, पार्षद हरभान सिंह, महासंघ के महामंत्री बृजमोहन शर्मा, नर्सिंग अधीक्षक विष्णु शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इसके अलावा मनमोहन सिंह,अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में नर्सिंग अधिकारी व चिकित्सक मौजूद थे। कार्यक्रम के बाद महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर से मिलकर कर्मचारियों व पेंशनर की सुविधा को ध्यान में रखकर सेटेलाइट हॉस्पिटल में योग्य एमडी चिकित्सक की नियुक्ति करने की मांग की।

### डीग के कांग्रेस जिला अध्यक्ष का बृजनगर में किया भव्य स्वागत

**भरतपुर ( निस )।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बृजनगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डीग के नव-नियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर तथा शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर राजीव कुमार सिंह ने कहा कि वे "सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को और मजबूत एवं गतिशील बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाएंगे। बृजनगर के कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राजीव कुमार सिंह के जिला अध्यक्ष बनने से जिले में कांग्रेस और अधिक मजबूती से आगे बढ़ेगी। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर गोविंद शर्मा,पूर्व प्रधान मुरारी सिंह गुर्जर, ब्रह्मानंद दाढ़ीवाला, सुरेश पूंछरी,रघुवीर सरपंच, सुगढ़ सिंह जाटव, श्रीराम चुल्हेरा, मोहन सिंह गुर्जर, सुभाष, पवन प्रधान, नंदकिशोर बेडम, शिवा गाजिया, आरएस प्रधान, महमूद, ओमवीर, प्रताप सिंह नोहवार, श्रीकांत शर्मा, प्रेम सिंह प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने किया निरीक्षण, अटल प्रगति पथ का निर्माण शुरू

■ **जयपुर नेशनल हाइवे-21 से इन्दिरा कॉलोनी में बनेगा मय नाला पथ, पथ की 1.4 किमी दूरी तक का बजट 190 लाख रूपए**

**हलैना भरतपुर ( निस )।** क्षेत्रीय विघायक बहादुर सिंह कोली के प्रयास से जयपुर नेशनल हाइवे-21 से वाराखुर्द की ओर वाया इन्दिरा कॉलोनी तक सरकार ने अटल प्रगति पथ को 190 लाख रूपए स्वीकृत किए और बजट की राशि से 1.4 किमी तक सीसी सडक बनेगी, जिसमें पथ के दोनों ओर नाला का निर्माण भी शामिल है,जो पीडब्ल्यूडी विभाग के देखरेख में बनेगा और पथ के निर्माण की शुरूआत हो गई।

निर्माणाधीन पथ का पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन दुलीचन्द मीणा, सहायक अभियन्ता दीपक कुमार, कनिष्ठ अभियन्ता शिवरतन ने निरीक्षण किया और कार्य करा रहे ठेकेदार और उसके कर्मचारियों को पथ के निर्माण में मापदण्ड, गुणवत्ता एवं विभागीय नियमों की पालना करने के निर्देश दिए साथ ही प्रतिदिन पथ के तलाई करने को पाबन्द किया।

पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन दुलीचन्द मीणा एवं सहायक अभियन्ता दीपक कुमार ने सरकार ने ग्राम पंचायत हलैना में अटल प्रगति पथ स्वीकृत किया, जिसके निर्माण पर 190 लाख का बजट खर्च होगा और बजट की राशि से जयपुर नेशनल हाइवे-21 से वाराखुर्द मार्ग पर इन्दिरा कॉलोनी के प्रवेशद्वार से हलैना की मरघट तक 1.4 किमी मय नाला के सीसी सडक का निर्माण होगा,जो निर्माण कार्य हलैना मरघट के पास से शुरू हो गया, ये पथ इन्दिरा कॉलोनी से होकर बनेगा।

कस्बा हलैना के पूर्व पंचायत समिति सदस्य गजेन्द्र सिंह टन्टा ने बताया कि विधायक बहादुर सिंह कोली के प्रयास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्राम पंचायत हलैना को सौगात में अटल प्रगति पथ स्वीकृत किया,जिसका निर्माण शुरू हो गया,जल्द ही अटल प्रगति पथ का शिलान्यास विधायक बहादुर सिंह के द्वारा कराया जाऐगा। उन्होने बताया कि इसी प्रकार से ग्राम पंचायत बल्लभगढ में भी विधायक बहादुर सिंह कोली के प्रयास से अटल प्रगति पथ स्वीकृत हुआ है।

### टीबी-सिलिकॉसिस जांच शिविर का कार्यक्रम घोषित

**करौली( निंसं. )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंतीलाल मीना ने बताया कि सिलिकोसिस जांच शिविर का आयोजन दिसंबर माह में चिकित्सा संस्थानों पर 10 से 2 तक बजे किया जावेगा।

चिकित्सा संस्थानों पर सिलिकॉसिस जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जांच शिविर 3 दिसंबर को गांवडा मीना,4 दिसंबर को सायपुर, 5 दिसंबर को विनेगा और 6 दिसंबर को बहादुरपुर में आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में ऑन स्पॉट एक्स-रे करवाकर स्क्रीनिंग की जाएगी और रोग की पुष्टि होने पर प्रारंभ किया जाएगा।

# पिंक पखवाड़ा में कम हीमोग्लोबिन वाली महिलाओं की करेंगे पहचान

■ **हीमोग्लोबिन की जांच करने के बाद कमी मिलने पर उनके फेरिक काबोक्सी माल्टोज के इंजेक्शन लगाए जाएंगे**

**करौली( निंसं. )।** जिले में गर्भवतियों और प्रसुताओं में खून की कमी को दूर करने के लिए विषेष अभियान सोमवार से प्रारंभ हुआ।

सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीना ने बताया कि अभियान के अंतर्गत खून कम होने की परेशानी झेल रही गर्भवती और प्रसूता की पहचान की जाएगी। इसके लिए आशा व एएनएम गर्भवतियों व प्रसुताओं में हीमोग्लोबिन की जांच करने के बाद कमी मिलने पर उनके फेरिक काबोक्सी माल्टोज के इंजेक्शन लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि चिकित्सा विभाग ये अभियान पूरे जिले में एक साथ संचालित करेगा। इसमें 15 दिसंबर तक इन महिलाओं की जांच और इंजेक्शन लगाने का काम पूरा किया जाएगा। सीएमएचओ ने बताया कि अस्पतालों में इलाज और परामर्श लेने के लिए आने वाली गर्भवती और प्रसुताओं में खून की कमी को लेकर जांच की जाएगी।

5 से 9 पाइंट हीमोग्लोबीन वाली महिलाओं पर फोकस रहेगा। गर्भवती को एक सप्ताह में हजार मिलीठााम से कम की डोज दी जाएगी। पूरे गर्भकाल में इसकी सीमा 1500 मिलीठााम एफसीएम तय की गई है। महिलाओं की पहचान का जिम्मा एएनएम व आशा को दिया गया है। इंजेक्शन की प्रक्रिया पीएचसी, सीएचसी, उपजिला अस्पताल व जिला अस्पताल में पूरी की जाएगी। सीएमएचओ ने बताया कि आयरन की गोली से परिणाम देर से मिल रहा है।

इसके साथ ही कई महिलाओं में मितली, कब्ज, पेट खराब के साथ अन्य कई समस्याएं हो जाती हैं। इसको देखते हुए फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन दिया जाएगा। इससे 45 से 60 दिन में हीमोग्लोबीन को तीन से चार पाइंट तक बढ़ाया जा सकता है। फेरिक काबाँक्सी माल्टोज इंजेक्शन हीमोग्लोबिन का स्तर तेजी से बढ़ाने में बेहद कारगर है। इंजेक्शन लगाने की पूरी प्रक्रिया 15 मिनट में पूरी हो जाती है।

# जंबूरी के सभी अवार्ड राजस्थान के नाम

**करौली( निंसं. )।** भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित 19 वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी का आयोजन23 से 29 नवंबर तक अटल स्टेडियम लखनऊ में आयोजित किया गया जिसमें राजस्थान प्रदेश से 1703 स्काउट्स गाइड्स, स्काउटर्स गाइडर्स, पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

सीओ स्काउट अनिल गुप्ता ने बताया कि जंबूरी में भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों से 35000 से अधिक स्काउट्स, गाइड्स ने जंबूरी में सहभागिता की। जंबूरी में कैंप क्राफ्ट, बी.पी. सिक्स, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, फूड प्लाजा, प्रदर्शनी, रंगोली, लोक नृत्य, मार्च पास्ट, कलर पार्टी, फैशन शो, स्किलोरामा, अनुमान लगाना, टेंट पिचिंग, फर्स्ट एड, कैंप फायर सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में बेहतरीन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान प्रदेश ने विंग वार स्काउट विभाग में प्रथम स्थान,गाइड विभाग में प्रथम स्थान तथा ओवरऑल दोनों विंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर चीफ नेशनल कमिश्नर फ्लैग व शील्ड पर कब्जा जमाया साथ ही सभी प्रतियोगिताओं में ए ठोड प्राप्त किया।

राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, चीफ नेशनल कमिश्नर के के खंडेलवाल, भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जैन के साथ साथ वर्ल्ड ब्यूरो के अधिकारियों ने किया जबकि समापन समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मिजोरम के मुख्यमंत्री के साथ-साथ अन्य अतिथि उपस्थित रहे जंबूरी में भारत गणराज्य के अलावा नेपाल, भूटान, सऊदी अरब, मलेशिया, बांग्लादेश के स्काउट गाइड ने भी सहभागिता की पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तर प्रदेश स्काउट गाइड के प्रादेशिक अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार महेंद्र सिंह तथा उत्तर प्रदेश प्रादेशिक कमिश्नर प्रभात कुमार ने राज्य सचिव डॉ. पी.सी जैन एवं राज्य संगठन आयुक्त पूरन सिंह शेखावत, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बन्नालाल, राज्य संगठन गाइड सुयश लोढ़ा को प्रदान कर सम्मानित किया। सी.ओ. स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि जंबूरी में करौली जिले से प्रधानाचार्य भय सिंह मीणा, श्याम बिहारी मीणा, भावना शर्मा, कोमल चारण के नेतृत्व में करौली जिले के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल टोडाभीम, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिंघनिया एवं निः शब्द मूक बधिर विद्यालय एकट बोधग्राम विद्यालय करौली के स्काउट गाइड ग्रुपों की 8 गाइड्स,16 स्काउट्स सहित 20 सदस्यीय दल ने भाग लिया एवं राजस्थान प्रदेश को प्रथम स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। राजस्थान प्रदेश के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, जिला मुख्य आयुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा इंद्रेश तिवारी, प्रारंभिक शिक्षा पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, अतिरिक्त जिला परियोजना अधिकारी सर्वेश कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान करौली के प्रधानाचार्य महेश बाबू गुप्ता सहित शिक्षा विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने करौली जिले के स्काउट गाइड को शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की।

### मंगलवार से शुरू हुआ विशेष टीकाकरण अभियान

**करौली( निंसं. )।** चिकित्सा विभाग द्वारा टीकाकरण से वंचित बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंती लाल मीणा ने बताया कि विशेष टीकाकरण अभियान 2 दिसंबर से 10 दिसंबर तक चलेगा। इसमें टीकाकरण से वंचित योग्य बच्चों और लाभार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाएंगे। टीकाकरण की सभी एंट्री यू विन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में टीकाकृत लाभार्थियों की एंट्री यू विन पर दर्ज की जाएगी। कम उपलब्धि वाले ब्लॉक और सेक्टर से लक्ष्य के अनुसार प्रगति सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के सफल संचालन के लिए शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग, सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और अन्य संबंधित विभागों का सहयोग लिया जाएगा। सभी बीसीएमओ को निर्देश दिए गए है।

### तेज रफतार ट्रेन की चेपट में आने से युवक की मौत

**गंगापुर सिटी( निसं ) ।** दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर सोमवार को लालपुर उमरी के पास तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, डाबर गांव निवासी दीनदयाल मीणा (32) पुत्र हरिमोहन मीणा किसी काम से घर से निकला था। इस दौरान ट्रैक पार करते समय अचानक ट्रेन आ गई और वह उसकी चपेट में आ गए। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस टीम ने शव को गंगापुर सिटी के राजकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां रात को शव मॉर्च्युरी में रखा गया। मंगलवार सुबह पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# राजपूत समाज करेगा प्रतिभाओं का सम्मान

**करौली ( निंसं. )।** करौली श्री राजपूत सभा की बैठक अजय निवास गुलाब बाग करौली में सम्पन्न हुई। जिसमें प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय सिंह द्वारा की गई।

सभा के जिला प्रवक्ता वेद प्रकाश सिंह 'लालाजी' ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा को बढ़ावा देने एवं प्रतिभाओं के उत्साह वर्धन के लिए श्रीराजपूत सभा द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 21 दिसंबर रविवार को आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है।बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी स्तर पर 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा 1 जनवरी 2024 से 15 दिसंबर 2025 तक विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल प्रतिभाशाली युवाओं को भी सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रतिभा सम्मान समारोह के संदर्भ में जिला महामंत्री जयेंद्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि श्री राजपूत सभा पूर्व से ही महाराजा कृष्ण चंद्रपाल के संरक्षण में कार्य करती चली आ रही है। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार शिक्षा समिति (राजपूत अधिकारी कर्मचारी संघ) के संरक्षक का दायित्व केसर सिंह नरूका द्वारा निर्वहन किए जाने जाने का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। प्रतिभा सम्मान समारोह के संयोजक का दायित्व नत्थू सिंह राजावत सेवानिवृत्त प्राचार्य निर्वहन करेंगे।

निर्णय के अनुसार जिले की प्रतिभाओं को चिन्हित कर संकलन हेतु तहसील इकाइयों को जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसमें हिंडौन से सत्य स्वरूप सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा,नादौती मे रमेश सिंह पिचानोत एवं उनकी टीम के द्वारा,टोडाभीम में श्याम सिंह सिसोदिया एवं उनकी टीम के द्वारा,सपोटरा में गजेंद्रसिंह एवं उनकी टीम के द्वारा मंडरायल में राजू सिंह भूतपूर्व सरपंच एवं उनकी टीम के द्वारा तथा करौली एवं मासलपुर में समन्वित रूप से कार्यरत अध्यक्ष चौरजी सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा संकलित किए जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सूरौठ में पंचायत समिति मुख्यालय की मांग तेज, आज बंद रहेंगे सभी बाजार

■ **संघर्ष समिति के आव्हान पर बुधवार को सुबह गांधी स्मारक मैदान में आमसभा आयोजित की जाएगी**

**सूरौठ( निसं )।** शेरपुर-सूरौठ के संयुक्त नाम से घोषित नई पंचायत समिति का मुख्यालय सूरौठ में स्थापित किए जाने की मांग को लेकर आज कस्बा 3 दिसंबर बुधवार को पूर्णत: बंद रहेगा। संघर्ष समिति के आव्हान पर बुधवार को सुबह गांधी स्मारक मैदान में आमसभा आयोजित की जाएगी, जिसके बाद सर्व समाज की विशाल रैली मुख्य चौराहे से निकलकर तहसील कार्यालय तक पहुंचेगी। तहसील परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों को मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

संघर्ष समिति के सदस्यों ने मंगलवार को बाजारों में व्यापक जनसंपर्क कर व्यापारियों से समर्थन मांगा, जिसके बाद व्यापार मंडल ने भी सर्वसम्मति से बाजार बंद रखने की घोषणा की। समिति ने बताया कि सूरौठ एवं आसपास के गांवों के लोग आज सुबह सवा आठ बजे गांधी स्मारक मैदान में जुटेंगे। सभा के बाद रैली बाजार मार्गों से गुजरते हुए तहसील कार्यालय पहुंचेगी। शहर के सभी बाजार दिनभर बंद रहेंगे।

समिति के अनुसार, परिसीमन प्रक्रिया के दौरान राज्य सरकार ने शेरपुर-सूरौठ नाम से नई पंचायत समिति का गठन किया है, जबकि सूरौठ भौगोलिक, प्रशासनिक और व्यावसायिक दृष्टि से पहले से ही एक विकसित केंद्र है। यहां तहसील कार्यालय, नगर पालिका, पुलिस थाना, राजकीय महाविद्यालय, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, स्वास्थ्य केंद्र, आयुर्वेद औषधालय, सहित अधिकांश विभागों के क्षेत्रीय कार्यालय संचालित हैं। दिल्ली-मुम्बई रेल मार्ग और भरतपुर-गंगापुर स्टेट हाईवे पर स्थित होने के कारण सूरौठ प्रमुख व्यापारिक केन्द्र भी है, जहां दों सौ से अधिक दुकानें हैं और सैकड़ों गांवों के लोग खरीदारी करने आते हैं।

संघर्ष समिति का कहना है कि करीब 25 हजार की आबादी वाले सूरौठ में पंचायत समिति कार्यालय खुलने से ग्रामीणों को अत्यधिक सुविधा मिलेगी और यह पूरी तरह उचित मांग है , शहरवासी और व्यापारी आज के बंद एवं रैली के माध्यम से सरकार तक अपनी बात मजबूती से पहुंचाएंगे।

### 5 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**हिंडौन सिटी( निसं )।** पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कटकड के दंग का पुरा निवासी बबलेश उर्फ बीएल के रूप में हुई है। यह गिरफ्तारी 3 अगस्त को वजीरपुर के मेडी निवासी विजय सिंह मीना द्वारा दर्ज कराए गए एक मामले से संबंधित है। परिवादी ने बताया था कि वह अपने दोस्तों के साथ एक रिटायरमेंट समारोह में शामिल होने कार से कटकड गए थे। कटकड़ पहुंचने से पहले, युवराज और बीएल सहित कुछ अन्य लोगों ने उनकी कार पर फायरिंग कर दी। इस दौरान देवीसिंह पर भी ताबड़तोड हमला किया गया।पुलिस के अनुसार, इस घटना में शामिल दो अन्य बदमाशों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। बबलेश उर्फ बीएल की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

## सार-समाचार

### तीन दरवाजे की पाल निर्माण कार्य का किया अवलोकन

**करौली ( निंसं. )।** करौली नगर परिषद की सभापति नीतू गुप्ता के निर्देश पर कनिष्ठ अभियंता नगर परिषद दिनेश चांदा के साथ सभापति प्रतिनिधि जीतू गुप्ता ने मौके पर पहुंच कर आमजन की बहुप्रतीक्षित मांग तीन दरवाजे की पाल निर्माण कार्य को शीघ्र अति शीघ्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर सभापति प्रतिनिधि जीतू गुप्ता, समाजसेवी बबलू शुक्ला, पार्षद आकाश कुशवाह, संजय शर्मा,बच्चन माली सहित स्थानीय निवासी आलोक शर्मा, रॉबी बृजेश पाल उपस्थित रहे सभापति प्रतिनिधि सहित उपस्थित पार्षद संघ के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर कनिष्ठ अभियंता दिनेश चांदा को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि यदि अभी कार्य शीघ्र प्रारंभ करा दिया जाएगा तो आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व कार्य सम्पूर्ण हो सकेगा जिससे प्रति वर्ष बारिश के मौसम में शहर के निचले इलाके में भरने वाले पानी से होने बाली समस्याओं का समाधान हो सकेगा। मौके से ही अभियंता ने संवेदक को शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

### कांग्रेस एससी,ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**करौली( निंसं. )।** कांग्रेस पार्टी में संगठन सृजन अभियान तहत कांग्रेस पार्टी ने करौली जिले में ओबीसी प्रकोष्ठ एवं एससी प्रकोष्ठों में नए जिला अध्यक्ष नियुक्त किए हैं। इस अवसर पूर्व पार्षद मजीद खान ने बताया कि इसी कड़ी में करौली कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ में नगर परिषद करौली में उप सभापति सुनील सैनी को ओबीसी प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है इसी प्रकार एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर पूर्व पार्षद प्रभाव चौधरी को नियुक्त किया गया इनकी नियुक्ति पर कांग्रेस पार्टी नेताओं ने खुशी जताते हुए कांग्रेस पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए इन दोनों को बधाई दी है और कहा कि इनकी नियुक्ति से ओबीसी समाज और एससी वर्ग में पार्टी का प्रसार बढ़ेगा और पार्टी जिले में मजबूत होगी बधाई देने वालों में पूर्व पार्षद मजीद खान,कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता विशंभर दयाल शर्मा,राम गिलास जाटव, लज्जा राम वर्मा,मंगतू प्रजापत,उदय सिंह जाटव, चैन सिंह मीना लीलौटी,संदीप डागर, करौली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामगोपाल माली,राज पंवार गुर्जर,कमाल खान,विकास जाटव सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

### गंगापुर सिटी के स्काउट्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गंगापुर सिटी( निसं ) ।** भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी डिफेन्स एक्सपो ग्राउंड, वृंदावन योजना, लखनऊ (उ.प्र.) में 23 से 29 नवम्बर 2025 तक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। साथ ही राज्य मुख्यालय, जयपुर द्वारा आयोजित जम्बूरी तैयारी सम्मेलन शिविर, जगतपुरा, जयपुर 18 से 21 नवम्बर 2025 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इन दोनों शिविरों में पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गंगापुर सिटी के स्काउट विद्यार्थियों ने अनुशासन, प्रतिभा और समर्पण का अद्भुत प्रदर्शन किया। दल का नेतृत्व स्काउटर सारांश जैन द्वारा किया गया तथा विद्यालय के स्काउट प्रभारी श्री अशोक बैस के निर्देशन में सभी तैयारियाँ समयबद्ध रूप से पूर्ण की गईं। शिविर में गौरव, गीतांश शर्मा, तरुण वर्मा, गोविंद प्रजापत, सोहित जाटव, भानु कुमार सोनी एवं अन्य स्काउट विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### पेंशन अपडेशन सहित कई मांगों पर चर्चा

**भरतपुर ( निस )।** आल इण्डिया पंजाब नैशनल बैंक पेंशनर्स एवं रिटायरीज एसोसियेशन की भरतपुर यूनिट की द्विमासिक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। सहारनपुर में आयोजित जनरल कॉउन्सिल में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए, जिसमें सर्व सम्मति से भरतपुर सर्किल के डी. डी. शर्मा को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं एस. के. सुनार को राजस्थान जोन का एजीएस निर्विरोध चुने जाने पर खुशी प्रकट की गई तथा सभी सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मीटिंग में पेंशनरों से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं जैसे पेंशन अपडेशन, कुमुटेशन में कटोती की अवधि 10-12 वर्ष करना, पेन्शन की गणना में स्पेशल भत्ते को शामिल करना, बीमा प्रीमियम का खर्च बैंक द्वारा वहन करना आदि मांगों पर सरकार/आई. बी.ए./बैंक द्वारा शीघ्र कार्यवाई की मांग की गई।

### ध्रुव चौधरी का अंडर-11 आयु वर्ग में नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस में चयन

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर-टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में 6 से 13 दिसंबर तक रांची झारखंड में आयोजित होने वाली यूटीटी नेशनल रैंकिंग चौंपियनशिप 2025 में ध्रुव चौधरी का खिलाड़ी के रूप में राजस्थान से चयन हुआ। ध्रुव के शानदार खेल की उपलब्धि के लिए भरतपुर गौरव से सम्मानित किया गया है। अपनी छोटी सी उम्र में इन्होंने भरतपुर जिले का नाम रोशन किया है। इस चौंपियनशिप में भारत के विभिन्न राज्यो से खिलाडी शिरकत करेंगे। इनके पिता रवि चौधरी कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर में सहायक लेखाधिकारी के पद पर कार्यरत है जो खुद सॉफ्टबॉल के राज्य स्तरीय खिलाड़ी है। ध्रुव अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच बेनो एंथोनी को देते है।

### पहली बार क्रांति युवा संसद 2025 का भव्य आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** हरिदत्त डिग्री कॉलेज,टेक्नोलॉजी पार्क सेवर और क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद यूथ बिग्रेड के संयुक्त तत्वाधान में टेक्नोलॉजी पार्क सेवर के सभागार में क्रांति युवा संसद 2025 का आयोजन किया गया जिसमें कुल 111 पंजीकृत प्रतिभागियों में से 107 युवाओं ने सक्रिय रुप से भाग लिया, जो युवाओं की जागरुकता और उत्साह को दर्शाता है। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ टेक्नोलॉजी पार्क, सेवर के निदेशक डॉ0 आलोक शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में पंचायत समिति सदस्य, रुपवास बबलू शर्मा तथा कुंज बिहारी शर्मा उपस्थित रहे, जिन्होंने युवाओं को नशा मुक्त समाज और सकारात्मक राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया।

### बार एसोसिएशन भरतपुर के चुनाव 12 को

**भरतपुर ( निस )।** बार एसोसिएशन समिति भरतपुर के अध्यक्ष पद के अलावा उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, पुस्तकालय सचिव आदि अन्य सभी पदों पर वर्ष 2025-26 के लिए निर्वाचन किया जाना है। उपरोक्त सभी पदों पर चुनाव कराने के लिए 12 दिसंबर 2025 तारीख सुनिश्चित की गई है। बार एसोसिएशन भरतपुर के प्रवक्ता एडवोकेट हेमराज शर्मा अंगिरा द्वारा यह बताया गया है कि चुनाव के सुचारु रुप से संचालन के लिए एक तीन सदस्यीय निर्वाचन कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें गुलाब सिंह कुंतल एडवोकेट, चंद्रशेखर शर्मा एडवोकेट और हरिमोहन सिंह एडवोकेट धौर को सदस्य नियुक्त किया गया है।

पश्चिम मध्य रेल

सिगनल एवं दूर संचार विभाग निविदा सूचना – शुद्धि पत्र
टेन्डर सं. KOTA/SNT/SIG/2025/29, KOTA/SNT/SIG/2025/30, KOTA/SNT/SIG/2025/31. Dated: 14.11.2025

निविदा सूचना संख्याः KOTA/SNT/SIG/2025/29, KOTA/SNT/SIG/2025/30, KOTA/SNT/SIG/2025/31 की शुद्धि पत्र सं. 1 निम्न टेण्डर जो निविदा संख्या KOTA/SNT/SIG/2025/29, KOTA/SNT/SIG/2025/30, KOTA/SNT/SIG/2025/31- को दिनांक 14.11.2025 के अन्तर्गत आमंत्रित किया गया था। अब प्रशासनिक कारणों से निम्न परिवर्तन किया गया है, जो इस प्रकार है :- **टेन्डर सं.** : कोटा/एसएण्डटी/सिग./2025/25/29, **पुराना तारीख एवं समय** : दिनाँक 08.12.2025 को 15:00 बजे तक, **परिवर्तित तारीख एवं समय** : दिनांक 10.12.2025 को 15:00 बजे तक, **पुरानी कार्य को अनुमानित लागत एवं बयाना राशि** : Rs. 11,46,40,132.29 & Rs. 7,23,200.00, **परिवर्तित कार्य अनुमानित लागत एवं बयाना राशि** : Rs. 114449827.77 & Rs.722300.00, **टेन्डर सं.** : कोटा/एसएण्डटी/सिग./2025/25/30, **पुराना तारीख एवं समय** : दिनाँक 08.12.2025 को 15:00 बजे तक, **परिवर्तित तारीख एवं समय** : दिनांक 12.12.2025 को 15:00 बजे तक, **पुरानी कार्य को अनुमानित लागत एवं बयाना राशि** : Rs.2,58,34,343.65 & Rs. 2,79,200.00, **परिवर्तित कार्य अनुमानित लागत एवं बयाना राशि** : Rs.25793549.11 & Rs.279000.00, **टेन्डर सं.** : कोटा/एसएण्डटी/सिग./2025/25/31, **पुराना तारीख एवं समय** : दिनाँक 08.12.2025 को 15:00 बजे तक, **परिवर्तित तारीख एवं समय** : दिनांक 12.12.2025 को 15:00 बजे तक, **पुरानी कार्य को अनुमानित लागत एवं बयाना राशि** : Rs.1,99,88,500.25 & Rs. 2,50,000.00, **परिवर्तित कार्य अनुमानित लागत एवं बयाना राशि** : Rs.19961313.89 & Rs.249800.00।

हस्ता.
वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी. (समन्वय), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# दुकान पर बैठे युवक पर बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग की, दो जने गंभीर घायल

## दोनों गंभीर हालत में जयपुर रेफर, पुलिस ने पुरानी रंजिश का मामला बताया



फायरिंग की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई।



पुलिस टीम ने घटना स्थल पर जाकर जांच शुरु की।

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** शहर के सबसे व्यस्त बाजार मालगोदाम रोड स्थित पुरानी थोक सब्जी मण्डी में मंगलवार दोपहर करीब दो बजे एक दुकान पर बैठे युवक पर बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में उमरी निवासी काडू पहलवान और महूकला निवासी जितेश शर्मा घायल हो गए। जितेश शर्मा फर्नीचर की दुकान पर शादी का सामान खरीदने आया था। वहीं काडू पहलवान अपने ऑफिस में बैठे हुए थे। वहां हमलावर ने काडू पहलवान पर फायर किए। काडू पहलवाल जान बचाने के लिए अपने ऑफिस से निकल कर फर्नीचर की दुकान की ओर भागा। इस दौरान बदमाशों ने उस पर आधा दर्जन फायर किए, लेकिन निशाना चुकने से व पास की ही फर्नीचर की दुकान में जा घुसा। हमलावरों ने वहां भी फायर किए। जहां फायरिंग की चपेट में फर्नीचर खरीदने आया महुकला निवासी जितेश शर्मा भी आ गया। फायरिंग के बाद हमलावर पैदल ही मौके से भाग छूटे। अचानक हुई फायरिंग से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। लोग काफी देर तक तो यहीं नहीं समझ पाए कि माझरा है।

प्रत्यदर्शियो ने बताया कि हमलावर मुंह पर काला कपड़ा बांधे हुए थे, जिनकी संख्या करीब चार से अधिक बताई जा रही है। वहीं यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। थानाधिकारी करण सिंह राठौर ने बताया कि काडू गुर्जर के सीने, हाथ के नीचे पेट और जांघ में गोली लगी है। जितेश के हाथ और पेट के बगल में छर्रे व गोली लगने की सूचना है। दोनों घायलों की हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काडू पहलवान की दूसरे पक्ष के लोगों से पुरानी रंजिश है। घायल काडू ने आरोप लगाया कि हिस्ट्रीशीटर कृष्णा बांसरोटा और उसके साथियों ने उसे कई दिनों से जान से मारने की धमकियां दी थीं। पहलवान ने यह भी आरोप लगाया कि फायरिंग बांसरोटा के इशारे पर कराई गई है। फायरिंग के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घायलों को तुरंत राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। दोनों घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जयपुर रेफर कर दिया गया। फायरिंग की सूचना पर एएसपी राकेश राजौरा, पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली थानाधिकारी करणसिंह राठौड़, उदेई मोड़ के थानाधिकारी राजवीर, सदर के रामरमण गुप्ता सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास की दुकानों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि आरोपियों की पहचान हो सके। एफएसएल टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया, जिसने मौके से कारतूस, खोखे और अन्य साक्ष्य एकत्र किए।

- **फायरिंग के बाद हमलावर पैदल ही मौके से भाग छूटे, सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू, एफएसएल टीम को भी बुलाया**

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में रंजिश की बात सामने आ रही है। संभावित आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है और पुलिस टीम आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है। जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस उपाधीक्षक गिर्राज प्रसाद मीना ने बताया कि मंगलवार को हुई फायरिंग की घटना पुरानी रंजिश के चलते हुई है। एएसपी राकेश राजौरा के अनुसार घायल काडू गुर्जर पहलवान निवासी उमरी कृष्णा बांसरोटा का धुर विरोधी है, साथ ही दोनों ही थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं। हालांकि पुलिस अज्ञात हमलावर को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने टीम गठित कर चारों तरफ नाकाबंदी करवाई है, जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या

**उदयपुर, (निसं)।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के मामले में पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर घटना स्थल पुलिस को रिपोर्ट भेजी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोपी प्रकाश खराड़ी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि आरोपी मेरी नाबालिग पुत्री को ले गया। वापस नहीं लौटने पर 26 नवंबर को पडताल की तो पुत्री के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने की जानकारी सामने आई। इस पर जीरो एफआईआर दर्ज कर घटना स्थल गुजरात मेहसाणा पुलिस को रिपोर्ट भेजी।

- **जीरो एफआईआर दर्ज कर घटना स्थल गुजरात मेहसाणा पुलिस को भेजी**

## विवाहिता ने आत्महत्या की

**उदयपुर, (निसं)।** सविना थाना क्षेत्र में विवाहिता ने अपने मकान में फांसी का फंदा लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सांय सविना थाना क्षेत्र बोखर मगरी निवासी इन्द्रा (32) पत्नी मांगीलाल गमेती ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इन्द्रा की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती थी। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फंदे से निचे उतार मृतका को एमबी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित करने पर उसे मोर्चरी में रखवा पीहर महाराज का अखाड़ा सूचना दी है, जिनके आने पर बुधवार को मृतका का पोस्टमार्टम होगा।

# एक साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

**अलवर, (निसं)।** एक साल की मासूम बच्ची से रेप करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अलवर की पॉक्सो कोर्ट नंबर-3 की जज हिमांकनी गौड़ ने फैसला सुनाते हुए टिप्पणी की कि एक छोटी सी बच्ची के साथ ऐसा घृणित काम 45 साल के व्यक्ति ने किया, ऐसे व्यक्ति को समाज में रहने कोई अधिकार नहीं है।

- **कोर्ट ने टिप्पणी की कि एक छोटी सी बच्ची के साथ ऐसा घृणित काम 45 साल के व्यक्ति ने किया, ऐसे व्यक्ति को समाज में रहने कोई अधिकार नहीं है**

सरकारी वकील सुनील कुमार ने बताया कि मामला 13 सितंबर 2025 का है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि वह अपनी बेटी को नहला रही थी। इस दौरान बच्ची खेलते-खेलते पड़ोसी के कमरे में चली गई। कुछ देर बाद बच्ची रोते हुए वापस आई। पड़ोसी से पूछा कि उसने क्या किया है। तब उसने कहा कि मेरा हाथ लग गया जिससे खून आ गया। महिला की सूचना पर पुलिस पहुंची। मामला दर्ज कर नक्शा मौका तैयार किया। पुलिस आरोपी को पकड़ा। करीब एक महीने बाद कोर्ट में चालान पेश किया। कोर्ट ने आज सुनवाई करते हुए आजीवन कारावास और 50 हजार के जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले में 16 दस्तावेज और 11 गवाह पेश किए थे।

## युवक ने आत्महत्या की

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के सविना थाना क्षेत्र में युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर में मेघवालों का मोहल्ला गोगुन्दा हॉल शहर के सविना थाना क्षेत्र सत्यदेव कॉलोनी निवासी विजय (35) कालुलाल मेघवाल ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पर सविना थाना हेडकांस्टेबल राजेन्द्र गुर्जर ने मौके पर पहुंच कर फंदे से विजय को निचे उतार एमबी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# मोहन भागवत और दत्तात्रेय होसबोले भीलवाड़ा आयेंगे

**भीलवाड़ा, (निसं)।** काफी समय बाद आर एस एस के दो बड़े पदाधिकारी दो दिन के भीतर भीलवाड़ा में आएंगे। आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले भीलवाड़ा में दौरे पर आ रहे हैं। भागवत तीन दिसंबर को भीलवाड़ा आएंगे। इस दौरान पहले बिजौलिया में निजी समारोह में भाग लेंगे। बताया जा रहा है कि आरएसएस के कार्यकर्ता के शादी समारोह में शिरकत करेंगे। उसके बाद शहर में आयोजित होने वाली एक बैठक में भाग लेंगे। यह बैठक कुटुंब प्रबंधन कार्यक्रम को लेकर होगी। इसमें महत्वपूर्ण दायित्व संभालने वाले पदाधिकारी और उनके परिवारजनों के उपस्थिति रहेगी। मोहन भागवत तीन दिसंबर को ही भीलवाड़ा से अन्य कार्यक्रम के लिए रवाना हो जाएंगे। वहीं दत्तात्रेय होसबोले 4 दिसंबर को आर एस एस की समन्वय बैठक में भाग लेंगे। इस दौरान आरएसएस के चित्तौड़ प्रांत से जुड़े 14 जिलों के महत्वपूर्ण पदाधिकारी बैठक में भाग लेंगे।

## पत्नी से विवाद होने पर पति ने आत्महत्या की

**उदयपुर, (निसं)।** आपसी विवाद में पत्नी के पीहर चले जाने पर पति ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को डिंगरी जयसमंद हाल सवीना प्रेमनगर निवासी मांगीलाल पुत्र पूना (32) ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। मांगीलाल चुनाई का काम करता था। पत्नी नारायणी से विवाद होने पर दो दिन पूर्व वह अपने पीहर अम्बामाता घाटी निवासी मां के पास चली गई थी। उसके जाने के बाद मांगीलाल ने फांसी लगा ली थी। मंगलवार को सास अपनी पुत्री नारायणी को छोड़ने के लिए आई तो मकान का दरवाजा खुला हुआ था एवं मांगीलाल फंदे पर लटका हुआ था। इसकी सूचना मिलने पर एएसआई रामनाथ ने मौके पर पहुंचकर फंदे से निचे उतार चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित करने पर उसे मोर्चरी में रखवा परिजनों को सूचना दी है, जिनके आने पर बुधवार को पोस्टमार्टम होगा।

# सस्ता सोना दिलाने के नाम पर 60 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**सीकर, (निसं)।** विदेश से सस्ता सोना दिलवाने के नाम पर 60 लाख की ठगी के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी रामावतार जांगिड़ को डेगाना स्टेशन से गिरफ्तार किया है। आरोपी के तीन बेटे और दोस्त मामले में पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

- **आरोपी के तीन बेटे और दोस्त मामले में पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं**

थानाधिकारी सुनील कुमार जांगिड़ ने बताया कि सीकर के गोकुलपुरा निवासी नेमीचंद सैनी ने पुलिस थाने में 2024 में सुजानगढ़ के लोहारगाडा निवासी गोविंद, गौतम, गोपाल, रामावतार जांगिड़ और गजानंद के खिलाफ कोर्ट के जरिए नामजद मुकदमा दर्ज करवाया। रिपोर्ट में बताया कि आरोपी गोविंद ने वॉट्सऐप पर कॉल करके उन्हें कहा कि उसका भाई गोपाल 30 सितंबर 2023 को विदेश से टैक्स पेड सोना ला रहा है। यदि नेमीचंद को सोना चाहिए तो वह भारत से सस्ता सोना ले सकता है। इस पर नेमीचंद ने गोविंद को कह दिया कि मुझे एक किलो सोना लेना है। तब सोने की मार्केट वैल्यू इंडिया में 64 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम थी। गोविंद और उसके पिता रामवतार जांगिड़ से कई बार बात होने पर 60 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के हिसाब से सोना देना फाइनल किया। 29 सितंबर 2023 को 8 बजे सीकर के सम्राट सिनेमा के पास आरोपियों ने 1 किलो सोने के 60 लाख रुपए मांगे तो नेमीचंद ने 10 लाख रुपए उस वक्त दे दिए और कहा कि जब सीकर लाकर सोना चेक कराओगे तब बकाया राशि का भी भुगतान कर देंगे। अगले दिन ही आरोपी सिनेमा हॉल के पास आए और फिर नेमीचंद को कॉल किया।

आरोपियों ने नेमीचंद से 50 लाख रुपए मांगे तब आरोपियों ने वापस वही बात कही कि आप पहले बकाया राशि दो, इसके बाद मार्केट में सोने की जांच करवा देंगे। ऐसे में नेमीचंद ने वहां 50 लाख रुपए और दे दिए। आरोपियों ने नेमीचंद को कहा कि सुबह 11 से 11:30 बजे के लगभग जाट बाजार आ जाए। वहां पर सोने की जांच करवा कर सोना दे देंगे। नेमीचंद जाट बाजार पहुंच गया लेकिन वहां पर आरोपी नहीं आए। काफी समय बीतने के बाद जब वह लोग जाट बाजार नहीं आए तो नेमीचंद ने उन्हें कॉल किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। नेमीचंद कई बार आरोपियों के घर गया लेकिन आरोपियों ने सोना नहीं दिया। करीब 9 महीने से ज्यादा का समय निकाल दिया और आखिर में जान से मारने की धमकी दी। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले में इन्वेस्टिगेशन शुरू किया। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहे थे। पहले पुलिस ने मामले में तीन सगे भाई गोविंद, गौतम,गोपाल को गिरफ्तार किया। इसके बाद मामले में आरोपी गजानंद शर्मा की गिरफ्तारी हुई।

# आरपीएससी : आरएएस-2024 साक्षात्कार में फर्जी दिव्यांगों पर शिकंजा कसा

**अजमेर, (कास)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आरएएस भर्ती परीक्षा-2024 के साक्षात्कार में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्रों के जरिए नौकरी हथियाने वालों पर शिकंजा कस दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि आरएएस-2023 की तरह ही इस बार भी साक्षात्कार से पहले दिव्यांग अभ्यर्थियों की मेडिकल बोर्ड के जरिए सर्जिकल स्ट्राइक जैसी सघन जांच की जाएगी। आयोग के रडार पर विशेष रूप से लो विजन और हार्ड हियरिंग (कम सुनाई देना) श्रेणी के अभ्यर्थी हैं, क्योंकि पिछली जांचों में सबसे अधिक गड़बड़ी इन्हीं मामलों में मिली थी।

- **आरएएस-2023 की तरह ही इस बार भी साक्षात्कार से पहले दिव्यांग अभ्यर्थियों की मेडिकल बोर्ड के जरिए सघन जांच की जाएगी**
- **आयोग के रडार पर विशेष रूप से लो विजन और हार्ड हियरिंग (कम सुनाई देना) श्रेणी के अभ्यर्थी हैं, क्योंकि पिछली जांचों में सबसे अधिक गड़बड़ी इन्हीं मामलों में मिली थी**
- **524 अभ्यर्थी अब तक हो डिबार चुके हैं, फर्जीवाड़ा करने वालों पर एक लाख तक का जुर्माना और जेल भी संभव**

आयोग सचिव ने बताया कि केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के द्वारा 24 नवंबर 2025 को जारी नए सर्कुलर के तहत, अब किसी भी दिव्यांग अभ्यर्थी को लाभ तभी मिलेगा, जब उसके पास सक्रिय यूडीआईडी कार्ड होगा। जिनके पास पुराने प्रमाण-पत्र हैं, उन्हें भी पोर्टल के जरिए पुन: सत्यापन करवाना अनिवार्य होगा। यह कदम प्रमाण पत्रों के दुरुपयोग को जड़ से खत्म करने के लिए उठाया गया है।

फर्जीवाड़ा रोकने के लिए आयोग ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 का कड़ा पहरा बैठा दिया है। यदि कोई अभ्यर्थी फर्जी प्रमाण पत्र के साथ पकड़ा जाता है, तो उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। जानकारी के अनुसार धारा 89: पहली गलती पर 10,000 रुपये और बाद में 50,000 रुपये तक का जुर्माना, धारा 91: धोखाधड़ी से लाभ लेने पर 2 साल की कैद और 1 लाख रु. तक का जुर्माना शामिल है।

आयोग की सख्ती का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फर्जी दस्तावेजों और गलत तथ्यों के चलते अब तक विभिन्न परीक्षाओं के 524 अभ्यर्थियों को डिबार किया जा चुका है। इनमें से 415 को तो आजीवन आयोग की किसी भी परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा। शेष 109 अभ्यर्थियों को एक से पाँच वर्ष तक के लिए डिबार किया गया है।

जाँच में यह भी सामने आया है कि कई लोग फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर पहले से ही सरकारी नौकरी कर रहे हैं। आयोग ने ऐसे कर्मचारियों और उन्हें प्रमाण-पत्र जारी करने वाले डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों और चिकित्सा निदेशालय को पत्र लिखा है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जन स्वा0 अभि0 विभाग, जिला वृत कोटा**
Email: sepheddistcirclekota@rajasthan.gov.in
**ई-निविदा सूचना संख्या 05 से 08/2017-19**
राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपयुक्त पंजीकृत संवेदकों से निविदा संख्या 05 से 08/2025-26 हेतु ई-निविदा द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र वेब साईट www.rajwater.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in एंव http.//eproc.rajasthan.gov.in पर देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है। http.//eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन बिड डालने की अवधि दिनांक 28.11.25 सुबह 10.00 बजे से 15.12.25 सांय 6.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदा दिनांक 16.12.25 को दोपहर 2.00 बजे उक्त वेबसाईट पर कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। इस निविदा सूचना संख्या 05 से 08/2025-26 में कुल 4 कार्य है, जिसकी अनुमानित लागत क्रमशः 20.00 लाख, 50.00 लाख, 50.00 लाख एवं 100.00 लाख कुल 220.00 लाख है।
NIB Code No. : PHE2526A4453
UBN Code No. PHE2526GLRC0110, PHE2526WSRC09112, PHE2526WSRC09114 PHE2526WSRC09116
Mobile No. : 94148-46513
(भरतलाल मीना) अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वा0 अभि0 विभाग जिला वृत कोटा
DIPR/C/17684/2025

**बीकानेर नगर निगम**
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-mail :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक / भण्डार / 2025 / 677 दिनांक 26.11.2025
**(ई-निविदा सूचना सं. 03/2025-26)**
बीकानेर नगर निगम को रेत कट्टे व मारबल चूना व चूने के कट्टे आपूर्ति कार्य 02 वर्ष हेतु पंजीकृत फर्मो निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएँ आंमत्रित की जाती हैं। ए.आर.सी निविदा से सम्बधित विवरण राज्य सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in तथा नगर निगम, बीकानेर की वेबसाईट www.bikanermc.org पर देखी व डाउनलोड की जा सकती हैं।
निविदा का कुल लागत:- 15 लाख
UBN Number :- DLB2526GLOB25455
आयुक्त नगर निगम, बीकानेर
राज.संवाद / सी / 25 / 14920

**बीकानेर नगर निगम**
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-mail :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक / भण्डार / 2025-26 / 675 दिनांक 26.11.2025
**(ई-निविदा (ARC) सूचना सं. 04 /2025-26)**
बीकानेर नगर निगम को विभिन्न प्रकार के सफाई संबंधी व अन्य सामग्री आपूर्ति कार्य 02 वर्ष हेतु पंजीकृत फर्मो निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएँ आंमत्रित की जाती हैं। ए.आर.सी निविदा से सम्बधित विवरण राज्य सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in तथा नगर निगम, बीकानेर की वेबसाईट www.bikanermc.org पर देखी व डाउनलोड की जा सकती हैं।
निविदा का कुल लागत:- 30 लाख
UBN Number :- DLB2526GLOB25503
आयुक्त नगर निगम, बीकानेर
राज.संवाद / सी / 25 / 14921

**कार्यालय नगरपालिका हिण्डोली जिला बून्दी राज.**
क्रमांक :- न0पा0हि0 / निर्माण / 2025-26 / 1756 दिनांक :- 28.11.2025
**ई-निविदा सूचना संख्या 11 /2025-26**
नगर पालिका हिण्डोली द्वारा विभिन्न कार्यो हेतु नगर पालिका हिण्डोली में पंजीकृत कार्यो के अनुसार सक्षम स्तर के संवेदक एवं अन्य विभागों में पंजीकृत AA,A श्रेणी के संवेदकों से द्वी लिफाफा पद्वति / ई-निविदा पद्वति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 29.11.2025 से तथा अपलोड करने की दिनांक 29.11.2025 से दिनांक 11.12.2025 तक है। जिसकी कुल लागत 96.05 लाख है। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।
NIB code :- DLB2526A8578

| Sr.N. | UBN No | Tender cost in lakh |
|---|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB25646 | 96.05 |

प्रशासक नगर पालिका हिण्डोली — अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका हिण्डोली
राज.संवाद / सी / 25 / 14936

**कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)**
nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड़, बारां Phone : 07453-230106
क्रमांक : नपबा / निर्माण / 2025 / 7521-23 दिनांक : 27.11.2025
**ई-टेण्डर सूचना संख्या : निर्माण 68/2025-26**
नगर परिषद बारां द्वारा राजस्थान सरकार के अभियांत्रिकी विभागो में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको अथवा पीडब्ल्यूएफएआर रूल्स के अन्तर्गत पात्र संवेदको से विभिन्न निर्माण कार्यो के लिये निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र व विवरण पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in, पर देखें। कार्यो की लागत 4.65 लाख रूपये से 49.78 लाख रूपये तक है तथा UBN No. निम्नानुसार है :-
1. DLB2526WSOB25395, 2. DLB2526WSOB25396, 3. DLB2526WSOB25397, 4. DLB2526WSOB25398, 5. DLB2526WSOB25399, 6. DLB2526WSOB25400, 7. DLB2526WSOB25401, 8. DLB2526WSOB25402, 9. DLB2526WSOB25403, 10. DLB2526WSOB25404
आयुक्त नगर परिषद बारां
राज.संवाद / सी / 25 / 14899

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड-प्रथम, जयपुर**
क्रमांक: 5281-90 दिनांक: 25/11/25
**निविदा सूचना संख्या- 108-112/2025-26**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यो हेतु नियमानुसार उपर्युक्त श्रेणी में इस विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 09.12.2025 तक को सायं 5.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किए जा सकते है। वेबसाईट पर तकनीकी बिड दिनांक 10.12.2025 को इस कार्यालय में प्रातः 11.00 बजे खोली जाएगी। राजस्थान सरकार, वित्त (जी एण्ड टी) विभाग के परिपत्र कमांक प.6 (5) वित्त/सावि लेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ईप्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर ई-निविदाओ के प्रेषण के लिए एक ही चालान से बोली दस्तावेज मूल्य (Tender Fee) बिड सिक्योरिटी (EMD) एवं RISL फीस को ऑनलाईन ई-ग्रास सिस्टम के माध्यम से जमा करवाना आवश्यक है।
निविदा शुल्क / थरोहर राशि / प्रकिया शुल्क एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in/www.dipronline.org पर देखे जा सकते है।
NIT No. 108-UBN- PHE2526WSRC09054, NIT No. 109-UBN- PHE2526WSRC09055
NIT No. 110-UBN- PHE2526WSRC09057, NIT No. 111-UBN- PHE2526WSRC09058
NIT No. 112-UBN- PHE2526WSRC09060
अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जिला ग्रामीण खण्ड प्रथम, जयपुर
DIPR/C/17605/2025 T.Ph.0141-2221802

**LIVESTOCK RESEARCH STATION**
Vallabhnagar – 313 601 Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences Bikaner (Rajasthan)
No. :- F. ( )/OI/LRS/VBN/RAJUVAS/2025-26/131 Date : 26/11/2025
**निविदा-सूचना**
पशुधन अनुसंधान केन्द्र, वल्लभनगर की विभिन्न इकाई / परियोजना / फार्म पर प्रातः एवं सायं दैनिक उत्पादित गाय व भैंस के दुध के विक्रय (प्रति लीटर दर से) हेतु (निविदा अनुमोदन होने की दिनांक से 31 दिसम्बर 2026 तक के लिए) मोहरबन्द निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:- UBN : VAU2526GLOB00081

| क्र. सं. | कार्य का नाम / वस्तु श्रेणी | अनुमानित दैनिक दूध उत्पादन | अनुमानित वार्षिक मूल्य रूपये | अमानत राशि रूपये | निविदा शुल्क रूपये |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गाय का दुध | 150 लीटर | 20 लाख | 30,000 | 400 |
| 2. | भैंस का दुध | 80 लीटर | 15 लाख | 30,000 | |

नोट :- बिना धरोहर राशि सशर्त तथा अपूर्ण निविदाएं मान्य नही होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 29.12.2025 को प्रातः 11:30 बजे तक कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा कराकर निविदा प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग मोहरबन्द निविदाएं अलग-अलग लिफाफे में जिस पर निविदा कार्य का नाम अंकित हो, धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क सहित दिनांक 29.12.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक जमा की जा सकेगी एवं उसी दिन मध्यान्ह 1:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदाएं खोली जाएगी। डाक एवं ई-मेल द्वारा प्रेषित निविदाएं मान्य नहीं होगी। निविदा प्रपत्र व शर्ते विश्वविद्यालय की http//rajuvas.org वेबसाईट एवं http//sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।
राज.संवाद/सी/25/14975 प्रभारी अधिकारी

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय**
Ph: 7374004405, Email: cmho2store@gmail.com
क्रमांक : स्टोर / 2025-26/149 दिनांक : 25/11/25
कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय में आगामी एक वर्ष हेतु अधिकृत प्रिन्टिंग व स्टीकरिंग सेवा आपूर्ति एवं अन्य प्रतिष्ठित फर्मो से मोहरबंद निविदाऐं आंमत्रित की जाती है।
**ई-निविदा का विवरण निम्न प्रकार है**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय |
| 2 | निविदा का कार्य | प्रिन्टिंग कार्य हेतु |
| 3 | निविदा की लागत (अनुमानित) | 100 लाख रूपये (एक करोड रूपये) |
| 4 | अमानत राशि | 02 प्रतिशत (200000/- रूपये) दो लाख रूपये मात्र |
| 5 | टेण्डर फार्म डाउनलोड की दिनांक | 26.11.2025 (दोपहरः 01:00 बजे से) |
| 6 | टेण्डर फार्म डाउनलोड की अंतिम दिनांक | 16.12.2025 (दोपहरः 12:00 बजे तक) |
| 7 | टेण्डर फार्म जमा / प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक | 16.12.2025 (दोपहर 1:00 बजे तक) |
| 8 | टेण्डर खोलने की दिनांक | 16.12.2025 (सांय 4:00 बजे तक) |
| 9 | निविदा फार्म / प्रोसेसिंग शुल्क | 2000/- रूपये एवं 2000/- रूपये |

1. निर्धारित समय तक प्राप्त निविदाएँ दिनांक 16.12.2025 को सांय 04:00 बजे से उपस्थित निविदाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निर्धारित समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा, साथ ही बिना अमानत राशि के प्राप्त निविदाओं पर भी विचार नहीं किया जाएगा।
2. यह विज्ञप्ति वेबसाइट www.sppp.raj.nic.in पर भी देखी जा सकती है। निविदा प्रारूप https://eproc.rajasthan.gov.in वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है तथा निविदा शुल्क निविदा जमा कराते समय ड्राफ्ट द्वारा जमा कराई जा सकती है।
3. अमानत राशि, निविदा फार्म शुल्क एंव प्रोसेसिंग शुल्क कर्यालय के स्टोर शाखा मे दोपहर 1:00 बजे तक जमा करवाना अनिवार्य है। इसके अभाव मे प्राप्त निविदाओ को अपात्र माना जावेगा।
4. अन्य जानकारी हेतु प्रि-बिड मिटिंग 08.12.2025 को सायः 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय चेम्बर मे आयोजित की जावेगी।

NIB-MHS2526A3588
UBN-MHS2526WSRC05256
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय (राज.)
DIPR/C/17615/2025

**कार्यालय नगर परिषद निम्बाहेड़ा जिला - चित्तौड़गढ़ (राज.)**
क्रमांक / नपनि / निर्माण / 25-26 / 5403 दिनांक :- 27.11.2025
**निविदा संशोधन सूचना**
**(E NIT No.- 24/2025-26)**
नगर परिषद निम्बाहेड़ा के पत्रांक 5014 दिनांक 07.11.2025 से जारी ऑनलाईन निविदा संख्या 24 / 2025-26 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता हैं :-
1. In 3.2 eligibility criteria Point no 2 Additional Qualification condition shall consider as deleted. UBN No. – DLB2526SLRC23714
राज.संवाद / सी / 25 / 14900 आयुक्त,नगर परिषद निम्बाहेड़ा

**Rajasthan State Beverages Corporation Limited**
(A Government of Rajasthan Undertaking)
Plot No. 2, CoERRA Bhawan, (Fourth & Fifth Floor), Opp. Aranya Bhawan, Jhalana Sansthanik Area, Jaipur-302004
Tel: 0141-2744239 email- ed.rsbcl@rajasthan.gov.in CIN-U15511RJ2005SGC020336)
No. 6124 Date : 02.12.2025
**NOTICE INVITING e-BIDs**
e-Bids for Loading and Unloading work of IMFL/FMFL/BEER cases at 49 Depots of 37 District for the year 2025-26 to 2027-28 (Two Year) are invited from interested bidders upto 6.00 PM on 23.12.2025 The bid documents may be downloaded from https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in, https://iems.rajasthan.gov.in
UBN NO. BCL2526SLOB00019-55
Raj.Samwad/C/25/15033 Executive Director

राजस्थान सरकार
**कार्यालय नगर पालिका, सादड़ी (जिला-पाली) राज.**
(आपकी सेवा में सदैव तत्पर)
पताः मैन बस स्टेण्ड, सादड़ी
Ph.-02934-285022 email: npsadri1979@yahoo.com, gmail.com
क्रमांक : न.पा.सा. / 2025 / 3905-3907 दिनांक 27.11.2025
**-:: Notice Inviting Bid ::-**
Bid for subject matters of procurement are invited from intreseted bidders upto (date)& (time). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. (https://sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in) of the state departmental website.
UBN NO :- DLB2526WSOB25520
अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सादड़ी
राज.संवाद / सी / 25 / 15017

**OFFICE OF THE PRINCIPAL & CONTROLLER**
RUHS COLLEGE OF MEDICAL SCIENCES,
Sector – 11, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Jaipur - 302033
Ph. : 0141-2795624, 634 Email : principalruhscms@ruhsraj.org
No. :- RUHS-CMS/Store/2025-26/10177 Date :- 28/11/2025
**Notice Inviting E-Bids**
Single Stage Two envelope online bids are invited on eprocrajasthan.gov.in upto 03.00 pm of 22-12-2025 for Supply and installation of High Performance Liquid Chromatography (Total Est. Cost Rs. 25,00,000.00) for Department of MRU at RUHS College of Medical Sciences, Jaipur. Details may be seen in the Bidding Documents at the Website sppp.raj.nic.in or eproc.rajasthan.gov.in or www.ruhscms.org. UBN :- CMS2526GLOB00103
Principal, RUHS College of Medical Sciences, Jaipur
Raj.Samwad/C/25/14973

**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**
क्रमांक :- राजकाज 19096566 दिनांक :- 28/11/2025
**ई-बिड सूचना संख्याः- जोन उत्तर-एबी/15/25-26**
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से सिविल कार्यो हेतु संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्यों हेतु ऑन लाईन बिड आमंत्रित की गई है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB CODE :- JOD2526A0208
Tender ID/UBN No. :- JOD2526WSOB00463 To 00466
राज.संवाद/सी/25/14967 अधिशाषी अभियंता (उत्तर-एबी)

**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**
**निविदा सूचना संख्या 30 व 31/2025-26**
केन्द्र / राज्य सरकार के विभागों एवं उनके उपक्रमों में 'अ' अथवा 'अअ' श्रेणी एवं रा.रा.वि.प्र.नि.लि. में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से निविदा सूचना संख्या 30 व 31 / 2025-26 में वर्णित कार्य हेतु संबंधित अधिशाषी अभियन्ता (सिविल) रा.रा.वि.प्र.नि.लि. कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र में निविदाऐ आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in व www.rvpn.co.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है। UBN :- VPN2526WSOB02310 से VPN2526WSOB02322 (13), VPN2526WSOB02324 से VPN2526WSOB02337(14), VPN2526WSOB02339 VPN2526WSOB02341 से VPN2526WSOB02346 (6), VPN2526WSOB02348
अधीक्षण अभियंता (सिविल), जयपुर
राज.संवाद/सी/25/14955 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7274/2025

# मुख्यमंत्री ने मोदी-शाह समेत कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात की

## भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन से मुलाकात कर राजस्थान के किसानों और पशुपालकों के हित से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की

**नई दिल्ली/जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को अपने नई दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम प्रधानमंत्री मोदी से भेंट कर उन्हें राज्य की डबल इंजन सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्थान के विकास के रोडमैप की विस्तृत जानकारी दी। भजनलाल शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देता रहेगा। शर्मा ने संसद भवन पहुंचकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ से भी मुलाकात की। इस दौरान तीनों नेताओं के बीच राजस्थान के चहुंमुखी विकास और केंद्र एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा हुई।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

■ मुख्यमंत्री ने राज्य में अटल ज्ञान केंद्र की स्थापना में सहयोग के लिए केंद्रीय मंत्री का जताया आभार

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। इस दौरान शर्मा ने शाह को राजस्थान में विकास और सुशासन की दिशा में किए जा रहे नवाचारों, लोक कल्याणकारी योजनाओं व सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। शर्मा ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री एवं रसायन व उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा से शिष्टाचार भेंट कर नड्डा को उनके जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे आधुनिक सुधारों, चिकित्सा सेवाओं के सशक्तिकरण तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को ही केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। इस दौरान राज्य में कुशल वित्तीय प्रबंधन, जीएसटी सुधारों से आमजन को हुए फायदों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन, डेयरी तथा पंचायतीराज मंत्री राजीव रंजन सिंह के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में राजस्थान के समग्र विकास तथा किसानों और पशुपालकों के कल्याण से जुड़े कई प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

दोनों नेताओं ने केंद्र की योजनाओं की प्रगति और पंचायतीराज संस्थाओं की विकास यात्रा को ओर गति देने पर भी विचार-विमर्श किया। इस दौरान शर्मा ने प्रदेश में अटल ज्ञान केंद्र की स्थापना में सहयोग के लिए केंद्रीय मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि राजस्थान की डबल इंजन सरकार राज्य के त्वरित विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि कैमल मिल्क और इससे निर्मित उत्पादों के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रभावी विपणन की दिशा में राज्य सरकार तेजी से कदम उठा रही है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालन और डेयरी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और गरीब कल्याण के लिए नीतियां लागू करने के साथ ही निरंतर जनहितैषी फैसले ले रही हैं।

# एएजी पद्मेश मिश्रा की नियुक्ति पर पुनः लगी हाईकोर्ट की मुहर

## अदालत ने उनकी नियुक्ति के खिलाफ दायर अपील भी खारिज की

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा अधिवक्ता पदमेश मिश्रा को अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) बनाये जाने के आदेश को सही ठहराया है। अदालत ने उनकी नियुक्ति के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया है और इसी मामले में एकलपीठ द्वारा दिए गए फैसले को भी जायज ठहराया है।

■ हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ''मामलों को अदालतों में प्रस्तुत करना एक कला है, जिसका अनुभव से कोई लेना-देना नहीं होता है। कई बार कम अनुभव वाले वकील भी एक्सपर्ट्स और विशेषज्ञ अधिवक्ताओं से बेह्तर जिरह कर सकते हैं। यह राज्य सरकार का दायित्व है कि, वह किसे जिरह के लिए एएजी चुनती है।''

उल्लेखनीय है कि इस मामले में राजस्थान हाईकोर्ट के ही अन्य अधिवक्ता सुनील समदरिया ने पद्मेश मिश्रा की नियुक्ति के खिलाफ याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि, राज्य सरकार की विधि नीति के विरूद्ध जाकर मिश्रा को एएजी बनाया गया है और अधिवक्ता पद्मेश मिश्रा के पास पर्याप्त अनुभव ही नहीं है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एस.पी.शर्मा और बलजिंदर सिंह संधू ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया है।

जैसा कि विदित है कि, अधिवक्ता सुनील समदरिया ने इस मामले में दायर अपील में राज्य सरकार की विधिक नीति को भी चुनौती दी थी, जिसमें उन्होंने कहा कि, एक तरफ विधिक नीति के मुताबिक एएजी बनने के लिए 10 वर्ष का न्यूनतम अनुभव होना जरूरी है, वहीं दूसरी ओर विधिक नीति की धारा 14.8 के अनुसार, राज्य सरकार किसी भी अधिवक्ता को एएजी नियुक्त कर सकती है।

उनका कहना था कि, पुरानी विधिक नीति में संशोधन करने के तुरंत बाद ही पदमेश मिश्रा को एएजी बनाने के लिए सिफारिश दी गई, जिस पर तुरंत राज्य सरकार ने फैसला भी ले लिया। उनका आरोप था कि, विधिक नीति में जिस तरह संशोधन करके पदमेश मिश्रा की नियुक्ति की गई, उससे प्रतीत होता है कि, केवल मिश्रा को ही एएजी पद का लाभ देने के लिए यह नीति बदली गई थी।

हाईकोर्ट की खंडपीठ ने अपने फैसले में एकलपीठ के फैसले को ही उदृत किया और कहा कि, नीति में फेरबदल करना और नीति के बाद किसी व्यक्ति विशेष की नियुक्ति तथा इस पूरी प्रक्रिया को मनमानी और दुर्भावनावश की गई नियुक्ति नहीं माना जा सकता।

इस मामले में जिरह करते हुए महाधिवक्ता ने कहा कि, विधिक नीति सिर्फ मार्गदर्शन के लिए बनायी गई गाइडलाइन है, किसी अधिनियम के अंतर्गत जारी कानून नहीं है।

उन्होंने कहा कि, इस नियुक्ति से ना तो किसी व्यक्ति विशेष को अधिकार मिलता है और ना ही किसी का अधिकार छिनता है। यह केवल और केवल राज्य सरकार की नीति और फैसला है, कि वह किस व्यक्ति विशेष को किस विभाग के मामले अदालत के समक्ष जिरह करने के लिए चुनती है।

अदालत के समक्ष यह भी तर्क प्रस्तुत किया गया कि, अतिरिक्त महाधिवक्ता का पद महाधिवक्ता के पद की तरह नहीं होता, जो एक संवैधानिक पद हैं। अदालत को यह भी बताया गया कि, सुप्रीम कोर्ट भी यह कह चुका है कि अतिरिक्त महाधिवक्ता, राज्य सरकार और महाधिवक्ता के सहायक के रूप में अदालतों में किसी विभाग के विशेष मामले प्रस्तुत करने में मदद करते हैं।

वह महाधिवक्ता की तरह किसी सार्वलनिक कार्यालय के पद पर नहीं रहते हैं और ना ही जनता के प्रति उनकी कोई जवाबदेही होती है। यह कार्य केवल महाधिवक्ता का है। चूंकि यह कोई सरकारी पद नहीं है, इसलिए व्यक्ति विशेष, एएजी को हटाने के लिए याचिका दायर नहीं कर सकता।

पदमेश मिश्रा के अनुभव पर उठे सवालों को लेकर अदालत ने टिप्पणी की, कि मामलों को अदालतों में प्रस्तुत करना एक कला है, जिसका अनुभव से कोई लेना-देना नहीं होता है। कई बार कम अनुभव वाले वकील भी एक्सपर्ट्स और विशेषज्ञ अधिवक्ताओं से बेह्तर जिरह कर सकते हैं। यह राज्य सरकार का दायित्व है कि, वह किसे जिरह के लिए एएजी चुनती है।

# वकील से दुर्व्यवहार पर हाईकोर्ट की फटकार : कुडी थानाधिकारी सस्पैंड, थाना स्टॉफ लाइन हाजिर

## एस.एच.ओ. द्वारा बदत्तमीजी करने का वायरल वीडियो देखने के बाद हाईकोर्ट के मुख्याधीश ने पुलिस आयुक्त, डीसीपी वेस्ट, एसीपी और थानाधिकारी को कोर्ट में तलब कर फटकार लगाई

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर कमिश्नरेट के जिला पश्चिम के कुड़ी भगतासनी थानाधिकारी हमीर सिंह और अधिवक्ता भरत सिंह राठौड़ के साथ सोमवार की शाम को हुई नोंक-झोंक के बाद थानाधिकारी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो ने अधिवक्ताओं में हलचल पैदा कर दी। रातों रात अधिवक्ता लामबद्ध हो गए और कुड़ी थाने पर थानाधिकारी और स्टाफ को लेकर कार्रवाई की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन करने लगे। मंगलवार सुबह तक काफी संख्या में अधिवक्ता थाने पर एकत्र हो गए और धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस बीच राजस्थान हाईकोर्ट ने इस घटनाक्रम को लेकर प्रसंज्ञान लिया और पुलिस आयुक्त, डीसीपी वेस्ट, एसीपी और थानाधिकारी को कोर्ट में तलब कर दिया। हाईकोर्ट के कार्यवाहक न्यायाधीश एसपी शर्मा और बीएस संधू की अदालत में सुबह मामले को लेकर सुनवाई आरंभ हुई और पुलिस को कल का वीडियो दिखाया गया। कोर्ट ने पुलिस को थाने में सीसीटीवी कैमरे लगाने के सहित घटना को लेकर फटकार लगाई और एसएचओ को

■ उच्च न्यायालय ने पुलिस थाने में सी.सी.टी.वी. कैमरे नहीं लगाये जाने को लेकर नाराजगी भी जताई

निलंबित किए जाने के आदेश जारी किए। साथ ही थाने में वक्त घटना तैनात पुलिस कर्मियों को थाने से हटाने के आदेश दिए। कोर्ट ने मामले में आईपीएस अधिकारी से जांच करवाने की बात भी की।

पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश ने मामले को लेकर ऐसी पुनरावृति ना हो इसके लिए कोर्ट को आश्वस्त किया। एसएचओ सहित सायंकालिन ड्यूटी पर तैनात स्टाफ को भी हटाने के लिए बात की। जानकारी के अनुसार कमिश्नरेट के जिला पश्चिम में कुड़ी भगतासनी थाने में थानाधिकारी हमीर सिंह की एक रेप पीड़िता के साथ आए अधिवक्ताओं से नोक-झोंक हो गई थी। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। आरोप था कि थाने में एक अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार किया गया।

बताया जा रहा है कि, अधिवक्ता भरत सिंह राठौड़ व महिला अधिवक्ता पत्नी एक रेप पीड़िता के साथ कुड़ी थाने गए थे। यहां मामले में कार्रवाई करने व पुलिसकर्मियों के वर्दी नहीं पहनने को लेकर अधिवक्ता की थानाधिकारी हमीर सिंह के साथ बहस हो गई। वीडियो में देखा जा सकता है कि अधिवक्ता को धमकाते थाना अधिकारी ने कहा कि तुम ये पूछने वाले कौन होते हो। इसके बाद थानाधिकारी वकील को पकड़कर अंदर ले जाते वीडियो में रिकार्ड हो गए। हालांकि उनके साथ आए अधिवक्ता ने विरोध भी जताया। यह विडियो वायरल होते ही वकीलों की भीड़ थाने पर इकट्ठी हो गई तथा घटना पर आक्रोश प्रकट करते प्रदर्शन शुरू कर दिया।

अधिवक्ता राठौड़ का आरोप है कि उनके साथ वहां दुर्व्यवहार किया गया और थानाधिकारी ने वर्दी का रौब जमाते हुए अपने अधिकारों का दुरूपयोग किया। यह वीडियो तेजी से रात को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद राजस्थान हाईकोर्ट एसोसियेशन और लायर्स एसोसियेशन के अधिवक्ता लामबद्ध हो गए और कार्रवाई की मांग करने लगे थे।

इधर इस मामले को राजस्थान हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश की अदालत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. सचिन आचार्य ने रखा और पूरे प्रकरण से अवगत कराया। अदालत ने पहले घटना का वायरल वीडियो देखा और तुरंत संज्ञान लेकर पुलिस कमिश्नर, पुलिस उपायुक्त (डीसीपी वेस्ट) और कुड़ी थानाधिकारी को कोर्ट में तलब किया। कोर्ट ने वीडियो देखने के बाद पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश को जमकर फटकार लगाई।

जोधपुर पुलिस कमिश्नर और सरकार को हिदायत दी कि सभी पुलिसकर्मियों को सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग दी जाए। किससे, किस तरीके से बात करनी चाहिए, कैसे लोगों से पेश आना चाहिए, यह पुलिस को आना चाहिए। पुलिस कमिश्नर ने कोर्ट में कहा कि आईपीएस स्तर के अधिकारी से जांच करवाई जा रही है। अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। इसके साथ ही पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जांच रिपोर्ट भी कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

# चारधाम हेलीकॉप्टर सेवाओं में सुरक्षा बढ़ाना और तीर्थयात्रियों की सुविधा सर्वोपरि : मदन राठौड़

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने चार धाम तीर्थयात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर सेवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के मुद्दे को सदन में प्रमुखता से उठाया। राठौड़ के सवाल के जवाब में नागर विमानन मंत्रीमुरलीधर मोहोल ने बताया कि हेलीकॉप्टर संचालन को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कई अतिरिक्त उपाय किए गए हैं। सहस्त्रधारा (देहरादून) और सीतापुर (केदारनाथ) हेलीपैड पर विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। इन कक्षों में यूसीएडीए के प्रभारी अधिकारी, एटीसी अधिकारी और आईएमडी अधिकारी वास्तविक समय के मौसम डेटा और यातायात स्थितियों के आधार पर गो/नो-गो निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार हैं। यह व्यवस्था तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुई है।सांसद मदन राठौड़ ने हेलीपैड निरीक्षण और प्रचालकों के ऑडिट पर भी स्पष्ट जानकारी मांगी। इसके जवाब में मंत्री ने बताया कि केदारनाथ के लिए परिचालन आरंभ करने से पहले डीजीसीए ने 7 हेलीपैडों और 6 हेलीकॉप्टर प्रचालकों का निरीक्षण/ऑडिट किया। इसके अतिरिक्त चार धाम हेतु परिचालन की अनुमति प्रदान करने से पूर्व 12 प्रचालकों और 10 हेलीपैडों की विस्तृत जाँच की गई। चार धाम और केदारनाथ मार्गों पर अतिरिक्त मौसम कैमरों की स्थापना की गई है, जिससे प्रतिकूल परिस्थितियों की त्वरित पहचान संभव हो सकी। उन्होंने बताया कि मानसून-पश्चात चरण में सभी उड़ानें सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से संचालित की गई और डीजीसीए के उपायों ने विश्वसनीयता को और मजबूत किया है।

# 45 लाख के डोडा-पोस्त के साथ दो तस्कर भाई गिरफ्तार

## ग्रेनाइट की आड़ में छिपाई गई 304 किलो से अधिक अफीम और डोडा-चूरा की खेप जब्त

**जयपुर (कासं)।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स राजस्थान की सूचना पर भीलवाड़ा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रक कंटेनर की गहन जांच के बाद ग्रेनाइट की बिल्टी की आड़ में तस्करी किया जा रहा 45.75 लाख रुपए मूल्य का 304 किलो 700 ग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया है। पुलिस टीम ने मौके से बीकानेर के दो तस्कर भाइयों पूरणा राम लेघा (40) और देवेंद्र उर्फ देवा (21) निवासी सोमलसर को गिरफ्तार किया है।

■ एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने अंतरराज्यीय नेटवर्क का खुलासा किया



एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर भीलवाड़ा पुलिस ने 304 किलो डोडा-पोस्त जब्त कर दो तस्कर दबोचे।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को महत्वपूर्ण गोपनीय जानकारी मिली कि एक ट्रक कंटेनर में ग्रेनाइट की बिल्टी की आड़ में तस्करी की जा रही है। इस सूचना के आधार पर गुलाबपुरा थाना पुलिस ने त्वरित नाकाबंदी की।

नाकाबंदी तोड़कर भागे संदिग्ध ट्रक को पीछा कर चौकी 29 मील चौराहा पुलिया पर रुकवा लिया। ट्रक की विधिवत तलाशी लेने पर उसमें छिपाए गए 15 कट्टों में भरा यह भारी मात्रा में 304 किलो 700 ग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ। इस मामले में दोनों भाई पूरणा राम लेघा (40) और देवेंद्र उर्फ देवा (21) को गिरफ्तार किया गया।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी आंध्र प्रदेश के मातूर जिले से ग्रेनाइट भरकर पंजाब की ओर जा रहे थे। उन्होंने बीच रास्ते मध्य प्रदेश के जावर क्षेत्र से यह डोडा पोस्त लोड किया। जिसे बीकानेर जिले के गांव अर्जुनसर निवासी देवाराम उर्फ भानू नाम के व्यक्ति को देनी थी। जो अपनी कार या कैंपर गाडी लेकर उनका इंतजार करता। दोनों तस्करों ने पूर्व में तीन से चार बार मादक पदार्थों की तस्करी करने की बात स्वीकार की है।पुलिस टीम दोनों शातिर आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने में जुटी है, ताकि उनके पूरे अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क का समूल पर्दाफाश किया जा सके।

इस कार्रवाई में कांस्टेबल विजय सिंह व गोपाल धाबाई की विशेष भूमिका और हेड कांस्टेबल महावीर सिंह व जितेंद्र की तकनीकी कुशलता सराहनीय रही। वहीं टीम में शामिल एसआई प्रताप सिंह, बनवारी लाल शर्मा, हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, हेमंत शर्मा, कांस्टेबल देवेंद्र सिंह, गंगाराम व चालक दिनेश शर्मा का भी उत्कृष्ट सहयोग रहा।

# 230 माइनर मिनरल ब्लॉकों की ई-नीलामी प्रक्रिया शुरु

**जयपुर (कासं)।** राज्य में दिसंबर माह में 230 माइनर मिनरल प्लॉटों की ई-नीलामी की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई हैं वहीं चालू वित्तीय वर्ष के आगामी तीन माहों में करीब 400 माइनर मिनरल प्लॉटों की ई-नीलामी का एक्शन प्लान बनाया गया है। प्रमुख सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने यह जानकारी मंगलवार को सचिवालय में मेजर और माइनर मिनरल ब्लॉकों और प्लॉटों की ई-नीलामी की समीक्षा बैठक के दौरान दी। उन्होंने कहा कि खान विभाग एक और खनिज खोज कार्य को गति दे रहा हैं, वहीं फील्ड मशीनरी को और अधिक सक्रिय करते हुए प्लॉट डेलिनियेशन से लेकर ऑक्शन पूर्व तैयारियां मिशन मोड़ में पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

टी. रविकान्त ने बताया कि विभाग द्वारा आगामी तीन माह का एक्शन प्लान बना लिया है और उसी के अनुसार एनआईबी जारी करने से लेकर ऑक्शन प्रक्रिया पूरी करने तक की पूर्व तैयारियां की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मिनरल ब्लॉकों की समयबद्ध नीलामी पर जोर देते रहे हैं, जिससे अवैध खनन गतिविधियों पर रोक, वैध खनन को बढ़ावा, माइनिंग सेक्टर में निवेश और रोजगार के साथ ही राज्य सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी हो सके।निदेशक माइंस महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि दिसंबर माह में 104 माइनर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी के लिए एनआईबी जारी कर दी गई है और 126 माइनर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी एनआईबी इसी सप्ताह जारी हो जाएगी।

# मंत्री सुरेश सिंह रावत ने किया जंबूरी विजेता दल का अभिनन्दन



राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के उपाध्यक्ष एवं राज्य सरकार के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने अपने आवास पर उत्तरप्रदेश के लखनऊ में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में सहभागिता कर लौटे प्रदेश के दल के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया।

**जयपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के उपाध्यक्ष एवं राज्य सरकार के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने अपने आवास पर उत्तरप्रदेश के लखनऊ में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में सहभागिता कर लौटे प्रदेश के दल के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर रावत ने जम्बूरी में राजस्थान दल द्वारा जीती हुए सर्वोच्च अवार्ड एवं पताकाओं का अवलोकन कर सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई अर्पित की और राजस्थान का गौरव बढ़ाने के लिए साधुवाद दिया। रावत ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड सदैव प्रदेश एवं संगठन को गौरवान्वित करता रहा है।

■ दल ने जंबूरी में प्राप्त सर्वोच्च अवार्ड का अवलोकन कराया

भारत स्काउट व गाइड के सदस्यों का कार्य समाज एवं राष्ट्र की सेवा व समृद्धि को समर्पित रहा है। इस अवसर पर स्टेट कमिश्नर डॉ. अखिल शुक्ला, राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) पूरण सिंह शेखावत, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) बन्ना लाल, सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) नीता शर्मा, सहायक संपादक नीरज जैन, सर्कल आर्गेनाइजर एल.आर. शर्मा, शरद कुमार शर्मा, गगनदीप कौर, कृष्णा सैनी, गोविन्द प्रसाद मीणा एवं राजस्थान बालचर आवासीय विद्यालय के शिक्षक अपने स्काउट्स एवं महात्मा गांधी बालिका इंग्लिश मीडियम विद्यालय वाटिका की अध्यापिका अपनी गाइड्स के साथ उपस्थित रहीं। शेखावत ने रावत को जम्बूरी का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए जम्बूरी में हुई प्रतियोगिताओं व गतिविधियों तथा जम्बूरी में राष्ट्रपति, उत्तरप्रदेश की राज्यपाल, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों व गणमान्यजन की उपस्थिति से अवगत कराया।

# अटल भू-जल योजना से ग्रामीण भारत में जल प्रबंधन की जगी आशा : मदन राठौड़

## ''कैच द रेन'' अभियान देश को जल आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम

**जयपुर।** भाजपा के राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने सदन के पटल पर जल प्रबंधन, भूजल संरक्षण और डिजिटल मॉनिटरिंग प्रणाली से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दे को उठाया। उन्होंने जल शक्ति मंत्रालय से यह स्पष्ट जानकारी मांगी कि देश में लागू विभिन्न जल संरक्षण योजनाओं की वास्तविक स्थिति क्या है और उनका आम जनता पर कितना असर पड़ रहा है। सांसद राठौड़ ने अटल भूजल योजना की प्रगति और इससे संबंधित राज्यों तथा ग्राम पंचायतों की वर्तमान स्थिति पर सवाल उठाए। जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने बताया कि अटल भूजल योजना एक सामुदायिक नेतृत्व आधारित कार्यक्रम है, जिसे सात राज्यों गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 8203 ग्राम पंचायतों में लागू किया गया है। यह क्षेत्र वे हैं जहां लंबे समय से जल की अत्यधिक कमी देखी जा रही है।

■ 'अटल भूजल योजना एक सामुदायिक नेतृत्व आधारित कार्यक्रम है, जिसे सात राज्यों गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 8203 ग्राम पंचायतों में लागू किया गया है'

उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य भूजल स्तर में सुधार करना, समुदायों को जल प्रबंधन की मुख्य धारा से जोड़ना और मांग-पक्ष प्रबंधन को सशक्त बनाना है। इस योजना की बदौलत हजारों गांवों में जल उपयोग के प्रति जागरूकता और सहभागिता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि जल शक्ति अभियान कैच द रेन के तहत देशभर के सभी जिलों में व्यापक कार्य चल रहे हैं। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा विकसित जियो-मंडल जीआईएस प्लेटफॉर्म और डिजिटल डैशबोर्ड इस अभियान का प्रमुख आधार हैं। इनके माध्यम से विभिन्न राज्यों से प्राप्त आंकड़ों को रियल-टाइम में संकलित किया जाता है, जिससे निरीक्षण, निगरानी और मूल्यांकन बेहद सरल हो गया है। साथ ही, राष्ट्रीय भूजल सूचना प्रणाली में जियो-टैग डेटा जोड़कर राज्यों को निर्णय लेने में बेहतरीन सहायता दी जा रही है।

मंत्री चौधरी ने बताया कि नवंबर 2023 के बाद भूजल स्तर की निगरानी के लिए पाईजोमीटर नेटवर्क का विस्तार, भू-जलकूपों के अवलोकन केंद्रों की संख्या में वृद्धि और डिजिटल जल सूचना प्रणाली का व्यापक विकास किया गया है। देशभर में लगभग 23,000 डिजिटल जल-स्तर रिपोर्ट्स का एक राष्ट्रीय नेटवर्क स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से भूजल की प्रवृत्तियों, रिक्त जलाशयों की क्षमता और रिचार्ज दरों का लगातार अध्ययन किया जाता है।

# राजभवन का नाम अब ''लोकभवन'' होगा

**जयपुर (कासं)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा जारी आदेशों के अंतर्गत राजभवन को अब ''लोकभवन'' के नाम से जाना जाएगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की पहल पर इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। एक दिसम्बर 2025 से यह अधिसूचना प्रभावी रहेगी।राज्यपाल बागडे ने कहा कि औपनिवेशिक मानसिकता से लोकतांत्रिक भारतीय संस्कृति की ओर आगे बढ़ने की दिशा में 'लोकभवन' नामकरण बहुत बड़ी पहल है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक राष्ट्र है। हमारे देश के संविधान की उद्देशिका ही ''हम भारत के लोग'' से प्रारंभ होती है। लोकतंत्र में लोक ही प्रमुख है, इसलिए राज्यपाल का कार्यस्थल अब ''लोकभवन'' नाम से जाना जाएगा। यह केवल नामकरण नहीं, बल्कि लोगों की भावनाओं और लोक आकांक्षाओं का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि ''राज'' शब्द ब्रिटिश शासन के अवशेषों की याद दिलाता है। इसीलिए केन्द्र सरकार की पहल पर यह बड़ा बदलाव किया गया है।

■ राज्यपाल बागडे के निर्देश पर जारी हुई अधिसूचना

# कोटा में कबाड़ गोदाम में भीषण आग लगी

## सात दमकलों ने आग पर काबू पाया, लपटें पहुंचने पर पास की बिल्डिंग खाली कराई



कोटा में कबाड़ के गोदाम में लगी आग पर दमकलों ने काबू पाया।

■ गोदाम टीनशेड से बना हुआ था, इसमें रबर, चादरें, लोहा, प्लास्टिक, रद्दी, खाली बोतलें, कांच व गत्ते सहित अन्य कई तरह का स्क्रैप पड़ा हुआ था

**कोटा,** (निसं)। शहर के अनंतपुरा थाना इलाके की पत्थरमंडी, दीनदयाल नगर स्थित एक कबाड़ के गोदाम में आग लगने का मामला सामने आया है। यह आग मंगलवार सुबह करीब 9.30 बजे लगी। सूचना मिलते ही नगर निगम की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। इस कबाड़ गोदाम के नजदीक ही एक तीन मंजिला इमारत है, जिसके भूतल पर दुकानें हैं और ऊपर के दो फ्लोर पर रिहायशी फ्लैट बने हुए हैं। आग की लपटें इस बिल्डिंग तक पहुंचने लगी थी। ऐसे में पुलिस व अग्निशमन टीम ने सावधानीपूर्वक इमारत को खाली करवाया। लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। आग से पूरे इलाके में धुआं फैल गया था। मौके पर अनंतपुरा थाना पुलिस भी पहुंची। नगर निगम के दमकलकर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया।

नगर निगम के अग्निशमन अनुभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि 7 दमकलों ने करीब दो घंटे में इस आग पर काबू पाया है। पहली दमकल की टीम ने सूचना दी कि आग भीषण है जिसके बाद अन्य अग्निशमन केंद्रों से भी दमकलें भेजी गईं। यह गोदाम छीतरलाल व दिनेश नामक कबाड़ियों का है जिसका क्षेत्रफल 40 गुणा 90 फीट है और यह टीनशेड से बना हुआ है। इस गोदाम में रबर, चादरें, लोहा, प्लास्टिक, रद्दी, खाली बोतलें, कांच व गत्ते सहित अन्य कई तरह का स्क्रैप पड़ा हुआ था। आग की सूचना निवर्तमान पार्षद सोनू धाकड़ व जसवंत डैनी ने दी थी। इसके तत्काल बाद पुलिस कंट्रोल रूम से भी फोन आ गया था। मौके पर पहुंचे अनंतपुरा थाने के कांस्टेबल जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस गोदाम के पास मौजूद मिश्रित (रिहायशी व व्यावसायिक) बिल्डिंग तक आग पहुंच गई थी जिससे वहां के निवासियों को बाहर निकाला गया। समय पर दमकल के पहुंच जाने से आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा बिल्डिंग भी चपेट में आ सकती थी।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी व्यास ने बताया कि प्राथमिक तौर पर आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि, गोदाम मालिक दिनेश और छीतरलाल का आरोप है कि आग किसी व्यक्ति ने जान बूझकर लगाई है। इस संबंध में आगे की जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# सीएम भजनलाल पांच को फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे

■ इससे गंगनहर में वर्षभर पानी की पर्याप्त आवक बनी रहेगी तथा किसान रबी व खरीफ फसलों की जरूरत के अनुसार सिंचाई कर सकेंगे

**जयपुर/श्रीगंगानगर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान का नहरी तंत्र मजबूत बन रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पांच दिसम्बर को फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इससे गंगनहर में वर्षभर पानी की पर्याप्त आवक बनी रहेगी तथा किसान रबी व खरीफ फसलों की जरूरत के अनुसार सिंचाई कर सकेंगे।

फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के तहत आर.डी. 0 से 168.230 तक सी.सी.लाईनिंग, 2 हैड रेगूलेटरों का पुनर्निर्माण, 1 हैड रेगूलेटर का नव निर्माण, 1 क्रोस रेगूलेटर का पुनर्निर्माण, 19 वी.आर.बी./डी.आर.बी. का पुनर्निर्माण, 3 रेलवे क्रॉसिंग ब्रिज का पुनर्निर्माण कार्य करवाया जाएगा। इन विकास कार्यों से हरिके बैराज में आने वाले अधिक पानी को फिरोजपुर फीडर में लाया जाएगा तथा इसका प्रत्यक्ष लाभ गंगनहर को होगा।

इन पुनर्निर्माण कार्यों से गंगनहर के 3.14 लाख हैक्टेयर क्षेत्र के काश्तकार लाभान्वित होंगे तथा फसलों का उत्पादन भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। केन्द्रीय जल आयोग द्वारा इस कार्य की डीपीआर स्वीकृति दी गई। इस परियोजना की कुल लागत 647.62 करोड़ रुपये है। इसमें पंजाब राज्य की हिस्सेदारी 379.12 करोड़ रुपये एवं राजस्थान राज्य की हिस्सेदारी 268.50 करोड़ रुपये है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1925 में 5 दिसम्बर को स्व. महाराजा गंगा सिंह ने गंगनहर का शिलान्यास किया था। वर्ष 2025 में इस परियोजना के 100 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इससे फिरोजपुर फीडर की कुल पानी आहरण की क्षमता में वृद्धि होगी।

# खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण किया

■ कृषि आयुक्तालय की टीम ने भीलवाड़ा में जांच की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। रबी फसलों में सुनियोजित एवं आवश्यकतानुसार उर्वरकों की उपलब्धता एवं किसानों को उच्च गुणवत्ता का कृषि आदान उपलब्ध कराने के उद्देश्य को लेकर कृषि आयुक्तालय की टीम ने भीलवाड़ा में खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण किया।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार जैन ने बताया कि कृषि आयुक्तालय जयपुर में जल उपयोगिता प्रकोष्ठ के सहायक निदेशक जितेन्द्र कुमार नोगिया एवं नरेन्द्र जैन ने मैसर्स निम्बार्क ऐजेन्सी पर स्टॉक निर्धारित तिथि तक संधारित नहीं रखने एवं बिना पीसी में इन्द्राज कराये पोटाश डेविडेट फ्रोम मोलासिस पाये जाने पर तत्काल बिक्री पर रोक लगाकर फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसी प्रकार हिन्दुस्तान सीड्स एवं फर्टीलाइजर के प्रतिष्ठान पर बिल बुक निर्धारित प्रारूप में संधारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि किसानों को फसल की आवश्यकतानुसार रबी सीजन में समय पर यूरिया एवं अन्य उर्वरक उपलब्ध हो इसके लिए कृषि विभाग द्वारा कृषि आदान विक्रेताओं के स्टॉक एवं गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है, किसानों को उच्च गुणवत्ता का कृषि आदान उपलब्ध कराने हेतु सेम्पल लिये जा रहा है, जिनको विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला में भेजा जायेगा। विभाग के निरीक्षको द्वारा कृषि आदान के प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण और मौके पर मौजूद उर्वरक के स्टॉक का पॉस मशीन एवं स्टॉक रजिस्टर से मिलान करेंगे एवं किसी भी स्तर पर अनियमितता पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। संयुक्त निदेशक जैन ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया है।

# पुलिस ने बीएलओ बनकर दुष्कर्मी को फकड़ा

भीलवाड़ा, (निसं)। पुलिस ने छह साल से फरार दुष्कर्म के आरोपी नरेश शर्मा को गिरफ्तार किया है। नरेश शर्मा अपनी महिला मित्र के साथ उत्तर प्रदेश के नवाबगंज, बरेली में नाम बदलकर राजेश शर्मा के रूप में छुपा हुआ था। वह थाना कोतवाली चित्तौड़गढ़ का निवासी है और दुष्कर्म के मामले में फरार था। इसके अलावा, चंदेरिया थाना क्षेत्र में 15 साल और सुभाषनगर, भीलवाड़ा में 5 साल से धोखाधड़ी के मामलों में फरार अन्य आरोपी भी हैं।

भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर थाना कोतवाली के थाना प्रभारी सुनील चौधरी की टीम ने विशेष प्रयास कर नरेश शर्मा को गिरफ्तार किया। टीम के हेडकांस्टेबल ओमप्रकाश चौधरी ने बीएलओ बनकर गहन जांच की और मिली सूचना के आधार पर नरेश को पकड़ने में सफलता हासिल की। आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंट था और वह फरार रहने के दौरान नाम बदलकर रह रहा था।

# ड्रग्स मंगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर में वर्षों पूर्व सोना, बादाम, लोंग की होने वाली तस्करी से निजात मिली, परन्तु वर्तमान में ड्रग्स तस्करी करने वाले बड़े बड़े गिरोह सक्रिय हैं। पुलिस द्वारा 4 महीने पहले 3 करोड़ 35 लाख रुपए की एमडीएमए ड्रग्स पकड़ी गई थी, पर ड्रग्स मंगवाने वाला आरोपी फरार था। इस मामले में जिले की कोतवाली पुलिस ने इस केस में सप्लाई मंगाने वाले वांटेड आरोपी भोमसिंह पुत्र शैतानसिंह राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले कई महीनों से फरार चल रहा था। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ड्रग्स नेटवर्क में और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं।

# नशीले कैप्सूल और गोलियों के साथ ई-रिक्शा चालक गिरफ्तार

■ ई-रिक्शा में 1.25 लाख प्रतिबंधित कैप्सूल व टैबलेट्स ले जा रहा था

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पालिका बाजार के पास गश्त के दौरान एक ई-रिक्शा चालक को 1 लाख 30 हजार से ज्यादा अवैध नशीले कैप्सूल और टैबलेट्स के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त टैबलेट्स और कैप्सूल की बाजार कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है।

सदर थानाधिकारी सुभाष चन्द्र के नेतृत्व में सब-इंस्पेक्टर हंसराज खरोड़ की टीम ने यह कार्रवाई की। आरोपी की पहचान त्रिलोक राम (45) निवासी 71 आरबी (रायसिंहनगर) के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि त्रिलोक राम डीटीडीसी कोरियर कंपनी में पार्ट टाइम डिलीवरी का काम करता है। आरोपी पिछले काफी लंबे समय से नशा तस्करों के संपर्क में था और कोरियर कंपनी पर लिखे पते से अलग-अलग जगहों पर इन नशीली दवाओं की डिलीवरी करता था। आरोपी इन कैप्सूल और गोलियों को छिपाकर ई-रिक्शा में ले जा रहा था। आरोपी के कब्जे से प्रेगाबालिन कैप्सूल आईपी 300 मिलीग्राम (न्यूरो-300) 35 हजार कैप्सूल, टैपेंटाडॉल हाइड्रोक्लोराइड टैबलेट्स (टैनीडॉल) 95 हजार टैबलेट्स बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूछताछ में आरोपी से नशे की सप्लाई करने वाले बड़े सरगना और अन्य साथियों के नाम उगलवाने की कोशिश की जा रही है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**झुंझुनूं,** (निसं)। बुहाना थाना इलाके के कुहाड़वास-भूरीवास रोड पर बीती रात को हादसे में अमित उर्फ बंटी की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त बुधराम घायल हो गया। बलौदा गांव का रहने वाला बुधराम मेघवाल शादियों में केटरिंग का काम करता है। उसने 22 नवंबर को कुहाड़वास में एक केटरिंग का काम किया था। जिसका पेमेंट लाने वह अपने दोस्त के साथ कुहाड़वास गांव गया हुआ था। जहां से पेमेंट लेने के बाद दोनों रात को बाइक से रवाना हुए। इसी दौरान कुहाड़वास से निकलते ही भूरीवास के समीप आश्रम के समीप पीछे से अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी।

# देसूला की चरागाह भूमि पर नहीं रुक पाई अवैध प्लाटिंग

■ ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर पटवारी, तहसीलदार अलवर को भी की है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई

**अलवर,** (निसं)। अलवर तहसीलदार और राजस्व विभाग के लापरवाह अधिकारियों और पटवारी की मिलीभगत के चलते उद्योग नगर के देसूला गांव में गौचर भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा हो रही अवैध प्लाटिंग पर अभी तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है। जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की मेहरबानी से भूमाफिया इस करोड़ों की गौचर भूमि पर अवैध प्लाटिंग करने में लगे हुए हैं। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर इसके समाचार मीडिया में लगातार प्रकाशित किये जा रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि देसूला की गौचर भूमि खसरा नं 534 पर पिछले कई दिनों से प्लाटिंग की जा रही है। यहां तक कि यहां भवनों का निर्माण तक भी किया जा चुका है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर पटवारी दिनेश कुमार को भी की जब पटवारी ने कोई कार्यवाही नहीं की तो ग्रामीणों ने इसकी शिकायत तहसीलदार अलवर को भी की है, लेकिन राजस्व विभाग द्वारा अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर शहर के निकट गांगाणा फांटा के पास में सोमवार की देर शाम बाइक सवार दो युवकों को ट्रक चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक की तत्काल मौत हो गई, जबकि दूसरे का उपचार जारी है। परिजन ने मृतक के परिवार को आर्थिक मदद की मांग की। मृतक परिवार में इकलौता कमाने वाला था। दोपहर तक परिजन का धरना-प्रदर्शन जारी था। परिजन ने प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग भी रखी। हालांकि दुर्घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त करने के साथ उसके चालक को भी पकड़ लिया।

बोरानाडा पुलिस के अनुसार शंकर नगर, सांगरिया निवासी गजेंद्र वैष्णव पुत्र रामचंद्र वैष्णव की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका साला चांदपोल निवासी नरेश वैष्णव पुत्र मुरलीधर वैष्णव फोटोग्राफी का काम करता था। सोमवार की शाम को अपनी बाइक साथ परिचित के साथ गांगाणा फांटा से निकल रहा था, तब एक ट्रक चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में उसके साले नरेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ वाला घायल हो गया। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। इधर इस घटना को लेकर मृतक के बहनोई गजेंद्र का कहना है कि मृतक अपने परिवार में एक मात्र कमाने वाला था। पिता भी बीमार है।

# चाकू के हमले से श्रमिक की हत्या, दो घायल

**उदयपुर,** (निसं)। शराब के नशे में आपसी विवाद होने पर अरोपी ने चाकू से साथी श्रमिकों पर हमला कर दिया। जिससे एक श्रमिक की मौत हो गई तथा दो श्रमिक घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार एक दिसंबर तड़के जिले के बैकरिया थाना क्षेत्र उपलावास गांव में शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर कहासूनी होने पर बावलवाड़ा निवासी जीवन पुत्र रासा ने चाकू से हमला कर देवरी एमपी निवासी विरसिंह (23) पुत्र हीरासिंह, वीरन (32) पुत्र सुखनंदन एवं कपूर (21) पुत्र डालू पर हमला कर फरार हो गया। इसका पता चलने पर बैकरिया थानाधिकारी उत्तमसिंह ने मौके पर पहुंचकर उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इस पर पुलिस उप अधक्षक डूगरसिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल कर निरीक्षण किया तथा मृतक वीरसिंह का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा एवं घायलों को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती कराने के लिए रवाना किया। बैकरिया थाना क्षेत्र में हाईटेंशन लाईन बिछाने का काम चल रहा है। जहां पर वीरसिंह, वीरन एवं कपूर मजदूरी करते हैं तथा जीवन हिताची मशीन का आपरेटर का काम करता है।

# आईएसआई जासूस प्रकाश सिंह को टेलीग्राम-वॉट्सएप पर ट्रेनिंग मिली थी

■ सीआईडी इंटेलिजेंस ने पाकिस्तानी जासूस प्रकाश सिंह उर्फ बादल को जयपुर कोर्ट में पेश किया, 11 दिसम्बर तक पीसी रिमांड पर भेजा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मंगलवार को सीआईडी इंटेलिजेंस ने श्रीगंगानगर से गिरफ्तार पाकिस्तानी जासूस प्रकाश सिंह उर्फ बादल (34) को जयपुर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने प्रकाश को 11 दिसम्बर तक पीसी रिमांड पर भेज दिया।

जानकारी के अनुसार जांच में सामने आया कि श्रीगंगानगर से गिरफ्तार पाकिस्तानी जासूस प्रकाश सिंह उर्फ बादल (34) कोई सामान्य जासूस नहीं था, वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का एक्टिव और ट्रेंड एजेंट था। आईएसआई की ओर से उसे टेलीग्राम और वॉट्सएप के जरिए ट्रेनिंग दी गई थी। बताया गया कि उसे कब क्या करना है। साइंस का स्टूडेंट रहा प्रकाश डी फार्मा (फार्मासिस्ट) कर चुका है। जांच में सामने आया कि पाकिस्तान से बॉर्डर पर ड्रोन से आने वाली ड्रग तस्करी का सबसे बड़ा सरगना भी प्रकाश सिंह ही था। पाकिस्तानी हैंडलर से ड्रग लेकर तस्करों तक पहुंचाना और उसे सप्लाई करने तक का काम वह खुद ही करता था। बॉर्डर एरिया के चप्पे-चप्पे से वाकिफ प्रकाश खुद को मार्बल का मिस्त्री बताता था। शातिर तरीके से पाकिस्तान को सेना से जुड़े फोटो-वीडियो शेयर कर रहा था। जानकारों के अनुसार अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद मई में हुए ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाई आईएसआई ने अपनी रणनीति पूरी तरह बदल दी है। पहले वह केवल ड्रग्स, हथियार और जाली नोट तस्करों को संरक्षण देती थी, लेकिन अब इन स्मगलरों के पूरे नेटवर्क को अपने सीधे नियंत्रण में लेकर उन्हें बिना किसी अतिरिक्त ट्रेनिंग के जासूस बना रही है।

फिरोजपुर (पंजाब) निवासी प्रकाश सिंह इसी का हिस्सा था। जासूसी करने से पहले प्रकाश सिंह पाकिस्तान से आने वाली ड्रग को देश के अलग-अलग राज्यों में सप्लाई करता था। आईएसआई के जरिए ये ड्रग राजस्थान से जुड़े बॉर्डर पर ड्रोन से गिराई जाने लगी। प्रकाश सिंह ड्रग तस्करी के इस मॉडल का मुख्य सरगना था। जांच में सामने आया कि प्रकाश सिंह पिछले 13 साल से इंटरनेशनल ड्रग तस्करी के बड़े नेटवर्क का हिस्सा रहा है। साल 2012-13 में वह हेरोइन के साथ पकड़ा गया। इसके बाद वह सितम्बर 2014 तक पंजाब की जेल में रहा। इस दौरान वह अमृतसर के बड़े ड्रग स्मगलरों के लिए मीडिएटर का काम करता था। जेल में रहने के दौरान कुछ दूसरे ड्रग तस्करों से उसका कॉन्टैक्ट हुआ। जेल से बाहर आते ही उसने पाकिस्तानी ड्रग तस्करों से कॉन्टैक्ट बनाए। इसके बाद वह साल 2015 के बाद से बॉर्डर पर पाकिस्तान से हेरोइन मंगवाने लगा। वह आईएसआई के जरिए आने वाली हेरोइन को बॉर्डर पर भेजने की लोकेशन बताता था। यानी बॉर्डर पर कहां पर किस जगह ड्रग के पैकेट गिराने हैं, ये सारे काम प्रकाश सिंह करता था। इसके बाद वह ड्रग तस्करों तक पहुंचाता था। जांच में सामने आया कि पाकिस्तान से आने वाली ड्रग को उसने राजस्थान के अलावा पंजाब और गुजरात में सप्लाई किया। ये भी सामने आया कि पिछले कुछ सालों में बॉर्डर पर ड्रोन के जरिए आई ड्रग में भी प्रकाश सिंह की बड़ी भूमिका आ रही है।

सोशल मीडिया के जरिए वह आईएसआई के कॉन्टैक्ट में था। उसे बताया जाता था कि उसे अब कौनसा टास्क करना है। इस दौरान सेना से जुड़ी जानकारी वह पाकिस्तान भेजने लगा। वह राजस्थान के बॉर्डर इलाकों में अपने आपको मार्बल का मिस्त्री बताता था। जांच में सामने आया कि प्रकाश ने राजस्थान के अलावा पंजाब और गुजरात से भारतीय सेना से जुड़ी जानकारी और गोपनीय सूचना पाकिस्तानी हैंडलर्स को भेजी थी। इसके बदले में उसे मोटी रकम दी जा रही थी।

सीआईडी इंटेलिजेंस के आईजी प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि प्रकाश दूसरों के मोबाइल नंबर लेकर उनके नाम से वॉट्सएप अकाउंट बनाता था। उन अकाउंट्स से पाकिस्तानी हैंडलर जासूसी और अन्य राष्ट्रविरोधी गतिविधियां चलाते थे। इसके बदले उसे मोटी रकम भी मिल रही थी। प्रफुल कुमार ने बताया कि 27 नवंबर को श्रीगंगानगर के साधुवाली सैन्य क्षेत्र के पास संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली थी। बॉर्डर इंटेलिजेंस टीम ने उसे दबोच लिया। मोबाइल चैक किया तो कई पाकिस्तानी नंबरों से चैटिंग मिली। फिर जॉइंट इंटेरोगेशन सेंटर श्रीगंगानगर और बाद में जयपुर ले जाकर सभी खुफिया एजेंसियों ने गहन पूछताछ की। डिजिटल डेटा से सारी बातें साबित हो गई।

# कुंभलगढ़ फेस्टिवल के दूसरे दिन लोक कलाकारों के संग थिरके पर्यटक





तीन दिवसीय कुंभलगढ़ फेस्टिवल के तहत लोक कलाकारों ने लोक नृत्य पेश किये। वहीं देशी-विदेशी पर्यटकों ने भी पारंपरिक लोक नृत्यों का आनंद लिया।

**राजसमंद,** (निसं)। तीन दिवसीय कुंभलगढ़ फेस्टिवल का दूसरा दिन भी उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। सूर्योदय से लेकर देर शाम तक आयोजित कार्यक्रमों में देशी-विदेशी पर्यटकों की उल्लेखनीय भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा दुर्ग परिसर जीवंत माहौल से भर उठा।

दिनभर मंच पर चकरी, सहरिया, चंग-ढप, कच्छी घोड़ी, लाल अंगी, बांकिया, बहरूपिया, कालबेलिया, लंगा और गवरी जैसी पारंपरिक लोक नृत्य शैलियों की अद्भुत प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। लोक कलाकारों की सजीव प्रस्तुति पर पर्यटकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और कई अवसरों पर वे लोक धुनों पर थिरकते भी नजर आए। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों और पर्यटकों की सामूहिक सहभागिता ने पूरे वातावरण में उल्लास का अनोखा दृश्य प्रस्तुत किया।

शाम लोकराग-संदीप रत्नू द्वारा प्रस्तुत लोक संगीत का नाट्यय कार्यक्रम दिन का मुख्य आकर्षण रहा। प्रभावशाली मंचन और मधुर लोक धुनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसके बाद परिसर तालियों की गूंज से गुंजायमान हो उठा। पगड़ी बांधो प्रतियोगिता में भी पर्यटकों ने विशेष रुचि दिखाई और बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने गतिविधि में भाग लिया। दूसरे दिन कुंभलगढ़ दुर्ग में आगंतुकों की लगातार आवाजाही रही। प्राचीन वास्तुकला, प्राकृतिक सौंदर्य और राजस्थानी संस्कृति की मिश्रित अनुभूति ने आगंतुकों को पूरा दिन व्यस्त रखा। परिवारों, युवा समूहों और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की सक्रिय भागीदारी से फेस्टिवल परिसर में लगातार रौनक बनी रही। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक सुमिता सरोच, उप निदेशक शिखा सक्सेना, एसडीएम साक्षी पूरी, सहायक निदेशक विवेक जोशी, सहायक निदेशक जितेंद्र माली, पर्यटक अधिकारी नीलू राठौड़, होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि, स्थानीय अधिकारी और बड़ी संख्या में देश-विदेश से आए पर्यटक उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर से टक्कर मारकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

■ परिजनों ने रुपये के लेनदेन और अवैध संबंध के कारण हत्या की आशंका जताई थी



पुलिस ने हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। ट्रैक्टर से टक्कर मारकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना सदर के अंतर्गत 29 नवंबर को सुबह 8:30 बजे प्रियदर्शनी नगर के पास सुवाणा हलेड रोड के पास खाली जमीन पर एक व्यक्ति की लाश मिली थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान महेन्द्र सिंह पंवार के रूप में की।

परिजनों ने रुपये के लेनदेन और अवैध संबंध के कारण हत्या की आशंका जताई। पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारसमल जैन और सी ओ सदर माधव उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू की। एफएसएल टीम ने घटनास्थल की वैज्ञानिक जांच की, जिसमें यह पाया गया कि मृतक को पीछा करते हुए ट्रैक्टर से टक्कर मारकर कुचलकर हत्या की गई। पूछताछ के दौरान पुलिस ने करीब 20 संदिग्धों से पूछताछ की। जांच में सामने आया कि आरोपी रामेश्वर पुत्र रामचंद्र, जो लक्ष्मीपुरा थाना बनेड़ा का निवासी है, ने अपने फार्म ट्रैक्टर से मार्निंग वॉक पर निकले महेन्द्र सिंह को टक्कर मारकर हत्या की। दोनों आरोपी और मृतक दोस्त थे और करीब 7-8 वर्षों से दूध डेयरी के व्यवसाय में साथ थे, लेकिन महेन्द्र के आरोपी की पत्नी से अवैध संबंध होने से रामेश्वर ने हत्या की साजिश रची। आरोपी ने बताया कि वह सुबह करीब 4 बजे कच्चे रास्ते पर इंतजार करता रहा और जैसे ही महेन्द्र सड़क पर आया, उसने ट्रैक्टर से टक्कर मारी। महेन्द्र बचने की कोशिश कर खेतों की ओर भागा, लेकिन आरोपी ने पीछे जाकर फिर से टक्कर मारी और उसे ट्रेक्टर के आगे के टायर के नीचे कुचल दिया। हत्या के बाद आरोपी ने अपने घर जाकर रोजाना की दिनचर्या शुरू कर दी ताकि किसी को शक ना हो। पुलिस को मुखबीर की सूचना मिली, जिसके बाद रामेश्वर को पकड़ लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# प्रधानमंत्री से भजनलाल व मदन राठौड़ की मुलाकात के बाद मंत्रिमंडल की चर्चा तेज हुई

## कहते हैं कि मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को प्रस्तावित फेरबदल की विस्तृत जानकारी दी

जयपुर, 2 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मंगलवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात को राजस्थान के राजनीतिक हलकों में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चर्चा है कि मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल में प्रस्तावित फेरबदल के बारे में प्रधानमंत्री को विस्तृत जानकारी दी है और हरी झंडी मिलने के बाद राज्य में जल्द ही मंत्रिमंडल विस्तार या बड़ा फेरबदल देखने को मिल सकता है। मुख्यमंत्री व प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की, जिससे राजनीतिक अटकलें और तेज हुई हैं।

मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी को 10 दिसंबर को जयपुर में होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह में आमंत्रित किया है। पिछले साल राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान, हर साल प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। इस बार इसका पहला आयोजन जेईसीसी, जयपुर में होगा, जिसका उद्देश्य दुनियाभर में बसे प्रवासी राजस्थानियों को जोड़ना और उनके योगदान का सम्मान करना है। राइजिंग राजस्थान समिट का उद्घाटन भी पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी ने ही किया था।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व विभिन्न केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात की।*

राज्य में भजनलाल सरकार के दो वर्ष पूरे होने को हैं, लेकिन अब तक मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियां लंबित हैं। छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल विस्तार पहले ही पूरा हो चुका है, जबकि राजस्थान और मध्यप्रदेश में चर्चा जारी है। गुजरात में हाल ही में पूरे मंत्रिमंडल में हुए बड़े बदलाव के बाद राजस्थान में भी इसी तरह के राजनीतिक बदलाव की संभावना पर सियासी गलियारों में चर्चा जोरों पर है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की नई टीम घोषित होने के बाद राजनीतिक नियुक्तियों के जरिए बाकी नेताओं व पदाधिकारियों को समायोजित किए जाने की तैयारी भी चल रही है।

- **प्रधानमंत्री के बाद, मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष की केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह व भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मुलाकात के कारण राजनीतिक अटकलें और तेज हो गईं।**
- **इसी क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा बुधवार को 3 बजे मंत्रिमंडल व 4 बजे मंत्रिपरिषद की बैठक बुलाने को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।**

मुख्यमंत्री ने बुधवार को महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक बुलाई है। सचिवालय में दोपहर 3 बजे मंत्रिमंडल और 4 बजे मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। माना जा रहा है कि इन बैठकों में कई अहम फैसले किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री का पांच दिनों में दिल्ली का यह दूसरा दौरा था।

# 'संचार साथी ऐप अनिवार्य नहीं है, आप इसे डिलीट भी कर सकते हैं'

## संचार मंत्री ज्योतिरादित्य ने इस एप को लेकर चल रही आशंकाएं दूर करने की कोशिश की

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 दिसंबर। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को संचार साथी ऐप से जुड़ी चिंता को दूर करने का प्रयास किया और कहा कि "संचार साथी" ऐप अनिवार्य नहीं है और उपयोगकर्ता इस पर रजिस्टर न करने या, यहाँ तक कि, इसे डिलीट करने का विकल्प भी चुन सकते हैं, लेकिन विपक्षी नेताओं की गोपनीयता उल्लंघन की आशंकाएं बनी हुई हैं।

28 नवंबर को, दूरसंचार विभाग ने मोबाइल हैंडसेट के निर्माताओं और आयातकों को निर्देश जारी किए थे कि वे भारत में उपयोग के लिए निर्धारित मोबाइल फोन पर इस ऐप को प्री इंस्टॉल करें, और पहले से निर्मित और बेचे गए उपकरणों पर सॉफ्टवेयर अपडेट के माध्यम से 90 दिनों के भीतर "संचार साथी" ऐप को पुश करें। सिंधिया ने कहा कि इस ऐप का विकास धोखाधड़ी कनेक्शनों की पहचान, चोरी हुए फोन का पता लगाने और सुरक्षा लागू के लिए बनाया गया है। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि यह ऐप जासूसी या कॉल की निगरानी करने में सक्षम नहीं है।

विपक्षी नेता इससे सहमत नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, "सरकार का यह एकतरफा कदम, बिना किसी को विश्वास में लिए ऐप को प्रीलोड करना, तानाशाही जैसा है। उनके तर्क सरकार के निजी स्वतंत्रता को कुचलने के पूर्व प्रयासों से संबंधित धारणाओं पर आधारित है। उन्होंने कहा, "सरकार ने डिजिटल गोपनीयता को कुचलने के लिए कदम उठाए, जिससे रोज़ाना की ऑनलाइन गतिविधियाँ 24X7 निगरानी क्षेत्र में बदल गईं। सरकार ने डीपीडीपी एक्ट में संशोधन के माध्यम से आरटीआई ढाँचे का गला घोंटा और पैगसस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों और दूसरों पर जासूसी करने के लिए किया।"

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने संचार साथी को एक "स्नूपिंग ऐप" कहा, और कहा कि वर्तमान शासन देश को हर रूप में तानाशाही में बदलने की कोशिश कर रहा है। शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने इस घटनाक्रम को एक और "बिग बॉस निगरानी क्षण" करार दिया।

यह आशंकाएं पूरी तरह से निराधार नहीं हैं। "संचार साथी" की आधिकारिक नीति के अनुसार, कोई भी व्यक्तिगत डेटा उपयोगकर्ताओं को सूचित किए बिना एकत्र नहीं किया जाएगा, और यदि जानकारी एकत्र की जाती है, तो इसे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अलावा किसी अन्य एजेंसी या व्यक्ति के साथ साझा नहीं किया जाएगा। इसी समय, पॉलिसी पेज यह भी स्पष्ट करता है कि इस ऐप को कार्य करने के लिए भारी ड्यूटी एक्सेस की आवश्यकता होती है। इसमें कॉल करने और प्रबंधित करने, एसएमएस भेजने, कॉल और एसएमएस लॉग, कैमरा, फ़ंक्शन और फोटो और फाइलों तक पहुँच जैसी अनुमतियाँ शामिल हैं।

- **जब से सरकार ने "संचार साथी ऐप" प्री इंस्टाल करने और सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए इसे पुश करने के लिए मोबाइल कंपनियों को अल्टीमेटम दिया है, तब से आशंकाओं का बाज़ार गर्म है और विपक्ष सरकार पर लोगों के मोबाइल फोन में "स्नूपिंग" का आरोप लगा रहा है।**
- **कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कई पुराने मामले उठाकर संचार साथी ऐप के स्नूपिंग ऐप होने की आशंका जताई। प्रियंका गांधी ने भी इसे जासूसी की कोशिश करार दिया।**
- **हालांकि, सरकार का कहना है कि यह ऐप धोखाधड़ी वाले फोन कॉल्स, खोए फोन का पता लगाने व फोन की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। पर, फिलहाल सरकार की दलील पर भारी संदेह है।**

# एक अन्य कांग्रेस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कर रहे हैं, जो यह दावा करते हैं कि मेवाड़ क्षेत्र पर उनका प्रभाव है।

मेवाड़ में 7 ज़िले हैं- उदयपुर, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, राजसमंद, सलूंबर और प्रतापगढ़।

इन 7 ज़िलों में स्थिति इस प्रकार है:

तीन ज़िला अध्यक्ष आदिवासी समुदाय से हैं (उदयपुर ग्रामीण, डूंगरपुर और बांसवाड़ा)।

दो ज़िला अध्यक्ष राजपूत समुदाय से हैं (उदयपुर शहर और चित्तौड़गढ़)।

एक ज़िला अध्यक्ष ब्राह्मण समुदाय से है (सलूंबर- परमानंद मेहता)।

प्रतापगढ़ ज़िले में अध्यक्ष की नियुक्ति लंबित है, क्योंकि दो राजपूत उम्मीदवार- दिग्विजय सिंह और भानु प्रताप सिंह दावेदार हैं।

- **मेवाड़ में नियुक्तियों पर प्रभारी रंधावा वो ही कर रहे हैं, जो डॉ. सी.पी. जोशी व अन्य एक दो वरिष्ठ नेता चाहते हैं।**
- **अब झारखंड राज्य भी कांग्रेस के हाथ से निकल गया और राजस्थान में भी ट्राइबल्स व ओबीसी कांग्रेस के खिलाफ रहे थे, यह स्थिति ढाई साल बाद राजस्थान में होने वाले चुनाव में कांग्रेस को झटका दे सकती है।**

सात में से तीन-चार डीसीसी अध्यक्षों का राजपूत समुदाय से होना, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अच्छा संदेश नहीं देता। वैसे भी, अधिकांश राजपूत वोटर भाजपा के समर्थक माने जाते हैं।

उदयपुर संभाग में अधिकांश वोटर अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय से हैं, और दूसरी सबसे बड़ी संख्या ओबीसी मतदाताओं की है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि पूरे मेवाड़ में एक भी ओबीसी ज़िला अध्यक्ष नहीं है। यहाँ तक कि राजसमंद ज़िला, जहाँ अभी नियुक्तियाँ लंबित हैं, वहाँ भी जो नाम सूचीबद्ध किया गया है, वह राजपूत समुदाय से है और सीपी जोशी का करीबी है।

रंधावा लंबे समय से राजस्थान के प्रभारी हैं। लेकिन चूंकि वह डोटासरा, जोशी और गहलोत के गुट का हिस्सा हैं, इसलिए वे उन्हीं की लाइन पर काम कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में, वह न केवल कांग्रेस को नुकसान पहुँचा रहे हैं बल्कि राहुल गांधी के एजेंडा को भी कमज़ोर कर रहे हैं।

राजसमंद ज़िले में ओबीसी समुदाय को अध्यक्ष पद देना ज़्यादा उचित होगा।

# लोकसभा में 9 और 10 दिसम्बर को एसआईआर पर चर्चा होगी

## लोकसभा अध्यक्ष के साथ बैठक में विपक्ष और सरकार में सदन चलाने की सहमति बनी

नयी दिल्ली, 02 दिसंबर। विपक्ष और सरकार के बीच संसद में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा को लेकर बना गतिरोध आज समाप्त हो गया। दोनों पक्षों में लोकसभा में आगामी मंगलवार और बुधवार को चुनाव सुधारों पर चर्चा कराने को लेकर सहमति बन गयी है।

इस सहमति के बाद उम्मीद है कि बुधवार को सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलेगी। सोमवार से शुरु हुए शीतकालीन सत्र के पहले दो दिन विपक्षी सदस्यों ने एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर दोनों सदनों में भारी हंगामा किया, जिसके कारण कामकाज बाधित हुआ।

गतिरोध को देखते हुए, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज दिन में विपक्षी दलों के सदन के नेताओं की बैठक बुलाई थी, जिसमें यह सहमति बनी। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सोमवार को दोपहर 12 बजे से लोकसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ तथा मंगलवार को दोपहर 12 बजे से चुनाव सुधारों पर चर्चा की जाएगी।

- **इस सहमति के बाद यह उम्मीद की जा रही है कि बुधवार से लोकसभा सुचारु रुप से चलेगी।**

इससे पूर्व, आज दूसरे दिन दोनों सदनों में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच भी रिजिजू ने कहा था कि सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा कराने को तैयार है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को, चर्चा कब कराई जाएगी इसको लेकर कड़ा रुख नहीं अपनाना चाहिए। सभी मुद्दे महत्वपूर्ण हैं और सरकार किसी भी मुद्दे पर नियमों के अनुरूप चर्चा कराने को तैयार है, लेकिन विपक्ष चर्चा तुरंत कराने की अपनी बात अड़ा हुआ था।

# पायलट को बचाने के स्वदेशी एस्केप सिस्टम का ट्रायल सफल

नई दिल्ली, 2 दिसंबर। सैन्य क्षेत्र में भारत ने आत्मनिर्भरता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लड़ाकू विमान की एस्केप प्रणाली का एक सफल उच्च-गति रॉकेट-स्लेड परीक्षण किया है, जिसकी जानकारी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को दी। स्वदेशी लड़ाकू विमान की सुरक्षा तकनीक के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। रक्षा मंत्रालय की ओर से एक्स पर इस परीक्षण का एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें बताया गया है कि यह टेस्ट चंडीगढ़ में टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी की रेल ट्रैक रॉकेट स्लेज सुविधा में 800 किमी/घंटे कंट्रोल्ड स्पीड पर किया गया था। इस सफल परीक्षण के बाद भारत दुनिया के उन चंद देशों में शामिल हो गया है, जिनके पास पायलट इजेक्ट सिस्टम की यह जटिल प्राणाली है।

# जासूसी के केस में ब्रह्मोस के वैज्ञानिक निशांत प्रदीप अग्रवाल को बड़ी राहत

मुंबई, 2 दिसंबर। बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने मंगलवार को जासूसी मामले में ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक निशांत प्रदीप कुमार अग्रवाल को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा रद्द कर दी। हालांकि, अदालत ने लापरवाही के लिए उनकी दोषसिद्धि को बरकरार रखा। निशांत पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ गोपनीय मिसाइल संबंधी जानकारी साझा करने का आरोप था।

पिछले वर्ष जून में यहां की एक सत्र अदालत ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व इंजीनियर निशांत प्रदीपकुमार अग्रवाल को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। अग्रवाल को 2018 में गिरफ्तार किया गया था।

उनकी दोषसिद्धि को आंशिक रूप से पलटते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह दिखाने में विफल रहा कि उन्होंने (निशांत) भारत की एकता, अखंडता, सुरक्षा या संरक्षा को खतरे में डालने या समाज में आतंक फैलाने जैसा कोई कार्य किया हो। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति प्रवीण पाटिल की खंडपीठ ने सोमवार को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) के प्रमुख आरोपों से निशांत अग्रवाल को बरी कर दिया और उनकी उम्रकैद की सजा भी रद्द कर दी।

- **बॉम्बे हाईकोर्ट ने उनकी आजीवन कारावास की सजा रद्द कर दी पर लापरवाही मामले में उन्हें दोषी माना है।**

# एसआईआर के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दिया गया। सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि सोरेन ने चुपचाप दिल्ली में वरिष्ठ भाजपा नेताओं से मुलाकातें की हैं, जिससे उनकी संभावित राजनीतिक नज़दीकियों की अटकलें तेज़ हो गई हैं। भले ही कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया है, लेकिन इन मुलाकातों से विपक्षी एकता की कमजोर स्थिति साफ़ दिखाई देती है।

ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पहले ही कांग्रेस-नेतृत्व वाली सामूहिक रणनीति से दूरी बना चुकी है और कई राष्ट्रीय मुद्दों पर समानान्तर रुख रखती है। उधर अरविंद केजरीवाल की आप खुलकर कह चुकी है कि वह अब इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है, जिससे कभी महत्वाकांक्षी रहा यह गठबंधन और कमज़ोर हो गया है।

यह बिखराव ऐसे समय हो रहा है जब भाजपा, कांग्रेस को अपने मुख्य राष्ट्रीय प्रतिद्वंदी के रूप में देखती है। भाजपा की रणनीति के अनुसार, क्षेत्रीय दल उनकी बढ़ती ताकत के लिए बड़ा खतरा नहीं हैं; असली चुनौती कांग्रेस ही है, जो कई राज्यों में भाजपा की राजनीतिक तौर-तरीकों और वोट बैंक को टक्कर दे सकती है। आंतरिक अविश्वास बढ़ने और छोटे सहयोगियों के दूर होने के साथ, इंडिय गठबंधन अब एक निर्णायक एवं महत्वपूर्ण परीक्षा से गुजर रहा है।

यह गठबंधन फिर से एकजुट हो पाएगा या शुरुआती दरारें बड़े टूटन का रूप लेंगी, यही सवाल शीतकालीन सत्र की राजनीतिक हलचल पर छाया हुआ है।

# नाबालिग ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुनवाई के दौरान पीड़िता ने अदालत को बताया कि घटना के दिन अभियुक्त ने उससे वेलेन्टाइन डे सेलिब्रेट करने का कहकर घर आने को कहा था, किसी को बिना बताए वो चली गई थी। इसके बाद अभियुक्त ने उसे नशीली मिठाई खिलाई। जब उसे होश आया तो वह दिल्ली में थी। यहां अभियुक्त ने उसके साथ कई बार संबंध बनाए। बाद में पुलिस के कहने पर अभियुक्त उसे वापस ले आया था।

अभियुक्त पक्ष की ओर से कहा गया कि उसे इस मामले में रंजिशवश फंसाया जा रहा है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

# एयरपोर्ट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जिससे चेक-इन प्रक्रिया धीमी हो गई। हालांकि अब सिस्टम धीरे-धीरे ठीक हो रहा है, लेकिन स्थिति पूरी तरह सामान्य होने में अभी थोड़ा समय लग सकता है।

इसके साथ, एअर इंडिया ने यात्रियों से अपील की है कि वे एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले आधिकारिक वेबसाइट पर अपनी उड़ान की स्थिति (फ्लाइट स्टेटस) जरूर जांच लें।

# इंडिया गठबंधन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पर विचार विमर्श करेंगे।

गौरतलब है कि मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में संसद भवन में सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें विपक्ष की मांग को मानते हुए, लोकसभा में चुनाव सुधार से जुड़े मुद्दे पर चर्चा कराई जाएगी।

बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने बताया कि चुनाव सुधारों पर चर्चा कराने पर सहमति बन गयी है और उन्हें उम्मीद है कि बुधवार से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित होगी। विपक्षी गठबंधन के सदस्य शीतकालीन सत्र के पहले दिन से एसआईआर पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा कर रहे हैं, जिसके कारण सदन नहीं चल पा रहा है।

# आईएनएस अरिदमन पनडुब्बी परीक्षण के अंतिम चरण में पहुंची

नयी दिल्ली, 02 दिसंबर। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मंगलवार को कहा कि भारत की तीसरी स्वदेशी परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन अब परीक्षण के अंतिम चरण में है और इसे जल्द ही भारतीय नौसेना में शामिल कर लिया जायेगा।

अरिहंत श्रेणी की तीन परमाणु बैलिस्टिक पनडुब्बियों से संबंधित इस पनडुब्बी में विस्तारित मिसाइल पेलोड है, जिससे यह अगस्त 2024 में शामिल की गई आईएनएस अरिधाट की तुलना में अधिक लंबी दूरी की परमाणु मिसाइलों को ले जाने में सक्षम है।

नौसेना प्रमुख ने बुधवार को होने वाले नौसेना दिवस समारोह से पहले वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि नौसेना के पहले चार राफेल विमानों के 2029 में आने की योजना है। विमानवाहक पोतों पर तैनात किए जाने वाले ऐसे 26 विमानों के लिए द्विपक्षीय समझौते को अप्रैल में फ्रांस के साथ अंतिम रूप दिया गया था, और समझौते के पांच साल बाद इनकी डिलीवरी शुरू हो जाएगी। इस पैकेज में हथियार, पुर्जे और सहायक उपकरण शामिल हैं और ये लड़ाकू विमान आईएनएस विक्रांत पर तैनात किए जाएंगे।

# अब झारखंड ...

- **चर्चा तो यह भी है कि कांग्रेस का झारखंड में विभाजन भी हो सकता है और हो सकता है कि एक बड़ा धड़ा हेमंत सोरेन की सरकार के समर्थन में आ जाए।**
- **राहुल के एक अन्य करीबी, के. राजू झारखंड के प्रभारी भी हैं, अब देखना है कि के. राजू झारखंड की इंडिया गठबंधन सरकार को कैसे बचा पाते हैं।**

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जब यह भी नहीं हुआ, तो सोरेन ने कहा कि कांग्रेस अपनी 61 सीटों में से सिर्फ 2 सीटें उन्हें दे देती, तो भी वे 35 आदिवासी सीटों पर प्रचार कर लेते।

सोरेन का आरोप है कि कांग्रेस गठबंधन धर्म का पालन नहीं कर रही है। सोरेन का सवाल है कि "फिर मैं उनके साथ सरकार में क्यों रहूँ?"

उन्होंने अलूवीरा, जो राहुल गांधी की पसंद हैं और बिहार संभाल रहे हैं, के लिए कुछ कड़े और असंसदीय शब्दों का भी इस्तेमाल किया।

एआईसीसी प्रभारी अलूवीरा ने न किसी से मुलाकात की, न ही सामाजिक समीकरण या सहयोगियों को संभालने में कोई कूटनीतिक भूमिका निभाई।

सब पूछ रहे हैं कि राहुल गांधी को अलूवीरा कहाँ से मिले थे।

झारखंड में, बहुमत का आंकड़ा 42 है, और अगर कांग्रेस के 16 और आरजेडी के 4 विधायक बाहर भी चले जाएँ तो भाजपा के 21 विधायक उनकी जगह ले सकते हैं।

और सबसे बड़ा खतरा यह है कि कांग्रेस के विधायकों के टूटकर सोरेन सरकार में शामिल होने की भी पूरी संभावना है।

झारखंड के प्रभारी के. राजू भी राहुल के नवरत्नों में से एक है। वे पूर्व अफसर हैं, जिन पर राहुल गांधी को बहुत भरोसा है।

अब देखना यह है कि वे झारखंड में कांग्रेस सरकार को कैसे बचाते हैं, जबकि कांग्रेस की संख्या लगातार तेज़ी से गिर रही है।

# पावर ब्रेकफास्ट के बाद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मामले में भी "अंतिम निर्णय" राहुल गांधी ही लेंगे।

अगले छः माह में मुख्यमंत्री बनने की डीकेएस की उम्मीदों के लिए शायद यह शुभ संकेत नहीं है, क्योंकि पिछले सप्ताह एनडीटीवी को बताया गया था कि गांधी मध्यावधि स्वैप से सहमत नहीं हैं। जो भी हो, आज डीकेएस के घर पर आयोजित ब्रेकफास्ट मीटिंग तीन दिनों में हुई दूसरी मीटिंग थी। जैसा कि कांग्रेस एक बार फिर शांति बनाने की कोशिश कर रही है, ताकि वर्ष 2028 के चुनाव पर ध्यान केन्द्रित किया जा सके। और पार्टी ने एक जुटता को रेखांकित करने वाली एक और 'सब ठीक है' दर्शाती हुई फोटो जारी की।

डीकेएस ने एक तस्वीर, जिसमें दोनों एक साथ बैठे हुए हैं, के साथ "एक्स"पर लिखा, आज मेरे घर पर मुख्यमंत्री ने नाश्ता किया, ताकि हम राज्य के अच्छे शासन और कांग्रेस की सोच के अनुरुप, राज्य के निरंतर विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि कर सकें।" उन्होंने पत्रकारों से कहा, "हम कांग्रेस में एक आवाज़ हैं... पार्टी में कोई मतभेद नहीं है, यह केवल मीडिया का कारनामा है।"

शनिवार को वे मुख्यमंत्री के घर पर मिले थे। उस समय, मेन्यू में इडली, उपमा और केसरी भात था, और शायद कॉफी भी थी। लेकिन जो चीज़ नहीं थी, वह था उनके विवाद का तत्काल समाधान। सूत्रों ने कहा कि दोनों ने सत्ता के हस्तान्तरण पर बात की, लेकिन तारीख पर सहमति नहीं बना पाए। डीकेएस का खेमा चाहता है कि यह जल्दी से जल्दी, यानी अप्रैल 2026 तक हो जाये, जबकि मुख्यमंत्री का पक्ष इसे जितना हो सके, टालने का इच्छुक है, यहां तक कि कार्यकाल के अंत तक भी।

सूत्रों ने कहा कि सिद्धारमैया का प्रस्ताव था कि वे कार्यकाल पूरा करें और फिर 2028 चुनावों में डीकेएस का समर्थन करें, अहिन्डा समुदाय में उनका राजनीतिक रूप से प्रभावशाली स्थान उनकी अच्छी संभावना बना सकता है।

अगर डीकेएस इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं, तो इसका मतलब हो सकता है कि कांग्रेस राज्य के दो सबसे बड़े वोट बैंक को अपने पक्ष में एकजुट कर सकती है, वोक्कालिगा समुदाय, जो पहले से ही शिवकुमार समर्थक है, तथा मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का समर्थक अहिन्डा समुदाय। इस विवाद का केन्द्र एक समझौता है जो कथित तौर पर कांग्रेस की चौंकाने वाली 2023 की चुनावी जीत के बाद हुआ था - कि सिद्धारमैया और डीकेएस पांच साल का कार्यकाल साझा करेंगे, यानी दोनों में से प्रत्येक मुख्यमंत्री के तौर पर ढाई साल कार्य करेंगे। पिछले महीने यह आधा कार्यकाल पूरा हो गया, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री पद छोड़ने को तैयार नहीं दिखे, जिससे डीकेएस की ओर से दबाव बढ़ा, जिसमें वचन निभाने की बातें याद दिलाई गईं, और कांग्रेस के कुछ विधायकों ने दिल्ली जाकर मल्लिकार्जुन खड़गे से सिद्धारमैया को पद छोड़ने के लिए कहने का आग्रह किया। सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने (अंततः) अपनी बात रखी।

सूत्रों ने बताया कि उन्होंने इस वादे को कायम रखने का आ ान किया, यह कहते हुए कि "यह वचन मेरे सामने दिया गया था... और इसे पूरा किया जाना चाहिए। अन्यथा, मेरे अपने राज्य में मेरी कोई विश्वसनीयता नहीं रहेगी।"

यह दूसरा अवसर है, जब मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस से इस मुद्दे को जल्दी ही सुलझाने का आग्रह किया है; पिछले सप्ताह उन्होंने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले इसे सुलझाने की बात की थी।

# प्रधानमंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की शुरुआत पहले ही की जा चुकी है।

अधिकारियों के मुताबिक, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) जल्द ही साउथ ब्लॉक के अपने पुराने दफ्तर से निकलकर नए सेवा तीर्थ परिसर में शिफ्ट हो जाएगा। नया पीएमओ सेवा तीर्थ-1 परिसर से काम करेगा। इस परिसर में सेवा तीर्थ-2 में कैबिनेट सचिवालय होंगे और सेवा तीर्थ-3 राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) का दफ्तर होगा। इन बदलावों के साथ-साथ, केंद्र सरकार ने देश में राज भवनों का नाम बदल कर लोक भवन करने का भी एलान किया है। इसके पहले दिल्ली में राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया गया था। वहीं, प्रधानमंत्री आवास अब लोक कल्याण मार्ग कहलाता है।

# सेना ने इमरान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ही इमरान खान ने अपने लिए और पाकिस्तान के कमज़ोर मध्यम वर्ग के लिए बहुत कामयाबी से एक शानदार पोलिटिकल करियर बनाया। इमरान खान ने अपनी पॉलिटिकल पार्टी को कामयाबी की ऊँचाई पर पहुँचाया है और देश भर में उनके समर्थक हैं।

इमरान खान ने चुनाव लड़े और धीरे-धीरे समर्थन जुटाकर प्रधानमंत्री बने। शुरू में हालाँकि उनकी पॉलिटिकल पार्टी छोटी थी, लेकिन उन्होंने समर्थन जुटाया और फिर सेना ने उन्हें प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बिठाया।

हालांकि जल्द ही, इमरान और सेना के शीर्ष अधिकारियों के बीच झगड़े शुरु हो गए। कुछ ही समय बाद, भ्रष्टाचार के आरोपों पर उन्हें सत्ता से हटाकर कड़ी सुरक्षा वाली सबसे बुरी जेलों में से एक जेल में डाल दिया गया। यहीं से उनका राजनीतिक सफर अचानक रुक गया।

कई दिनों से सोशल मीडिया पर चर्चाएं और अफवाहें तेज थीं कि इमरान खान को जेल में मार दिया गया है। यह अफवाह इसलिए फैली, क्योंकि जेल प्रशासन लगातार उनके करीबी परिवार वालों को उनसे मिलने नहीं दे रहा था। बार-बार की अपील भी असफल रही। अंत में, पी.टी.आई. ने देशभर में विरोध प्रदर्शन किए और इमरान से मिलने की अनुमति की मांग की।

इमरान खान की लोकप्रियता ने पाकिस्तान की सेना के लिए दोधारी तलवार पैदा कर दी है। पहले तो सेना ने ही उन्हें उठाकर प्रधानमंत्री बनाया था, लेकिन बाद में इमरान की स्वतंत्र राजनीतिक शैली ने सेना के शीर्ष अधिकारियों को उनसे दूर कर दिया। विशेषकर आई.एस.आई. प्रमुख की नियुक्ति को लेकर बड़ा विवाद हुआ।

बाद में, इमरान ने सेना के बड़े अधिकारियों के निहित स्वार्थों पर चोट की, जिन्हें वर्षों से बिना रोक-टोक के पावर दी जाती थी और पॉलिटिकल अधिकारियों ने कभी उन पर रोक नहीं लगाई थी। इससे सेना पूरी तरह उनके खिलाफ हो गई और विपक्ष के साथ मिलकर उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया।

अब हालात ये हैं कि सेना वर्तमान नेताओं, जिनमें शाहबाज़ शरीफ भी शामिल हैं, से भी खुश नहीं है। आने वाले समय में पाकिस्तान में सत्ता की लड़ाई कैसे आगे बढ़ेगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908